THE

AMBADAS CHAWARE

DIGAMBARA JAINA GRANTHAMALA.

OR

Karanja Jaina Series

—:0:—

Edited—

With the co-operation of various scholars.

By

Hiralal Jain, M. A., L L. B.,
King Edward College, Amraoti.

Volume III

Published by

Gopal Ambadas Chaware

For

Karanja, Jaina Publication Society,
Karanja, Berar (India).

Pahuda Doha

OF

RAMASIMHA MUNI

An Apabhramsa work on Jaina mysticism

Critically edited

With Introduction, Translation, Glossary Notes and Index.

By

Hiralal Jain, M. A., LL. B.,
Central Provinces Educational Service,

King Edward College, Amraoti;
Sometime Research Scholar, Allahabad University

1933.

प्रकाशक

गोपाल अम्बादास चवरे,

मर्चेंट एन्ड बैंकर, कारंजा (वरार)

कासु समाहि करउँ को अंचउँ
छोपु अछोपु भणिवि को वंचउँ ।
हल सहि कलह केण सम्माणउँ
जहिं जहिं जोवउँ तहिं अप्पाणउ ॥ १३९ ॥

देवलि पाहणु तित्थि जलु पुत्थइं सव्वइं कव्वु ।
वत्थु जु दीसइ कुसुमियउ इंधणु होसइ सव्वु ॥ १६१ ॥

मुद्रक

टी. एम्. पाटिल,

मैनेजर, सरस्वती पावर प्रेस,

अमरावती (वरार).

PREFACE

Dohāpāhuda represents the same variety of Apabhramsa as is found in Sāvayadhammadohā already issued as the second volume of this series, and which is exactly the language so well explained and exemplified by Hemacandra in his Prakrit grammar. It is highly interesting, in this connection, to note that four verses quoted by Hemacandra occur almost verbatim in the present work. We are thus slowly tracing the verses quoted in that epoch-making grammar back to their original sources, as more and more literature of this kind is coming to light.

The subject-matter of the work is Jaina mysticism and in this respect, as well as in the form of its poetry, it has similarities with the Buddhist *Caryāpādas* of Krishna, Dombi, Vinā, Saraha and Gundari, and the *Dohākoshas* of Saraha and Kanhupāda. With these works it has many symbolistic terms in common such as *Ravi*, *Shashi*, *Vāma*, *Dakshina*, *Shiva* and *Shakti*.

Besides this, the work has striking affinities in its subject-matter, as well as form, with the works of Jaina authors such as *Kundakunda*, *Yogindra*, *Devasena*, and *Shrutasāgara*. As the work has very many verses in common with the Paramātma-prakāsha and Yogasāra of Yogindradeva, it has been surmised to have been produced by the same author, but the work itself mentions *Rāmasimha muni* as its author and there is, so far, no convincing evidence to disprove his authorship. With regard to the verses which it has in common with the works of Yogindradeva,

it is difficult, at present, to say who the borrower and who the original author is, but as Yogindradeva has enjoyed celebrity for a long time, one feels inclined to give him the credit. As verses from this work are quoted by Hemacandra who wrote about 1100 A. D., and as it quotes verses from Sāvayadhamma-dohā which was composed about 933 A. D. the present work may be taken to have been produced about 1000 A. D.

I have discussed at some length the question of the relationship between 'Deshi bhāshā' and Apabhramsa, raised by Dr. Jules Bloch in his letter to me, and the various references which have been collected, tend to show *that authors have been using the two names as mutually* interchangeable. It is noteworthy that the poets themselves have called their language Deshi bhāshā and have never liked to use the word Apabhramsa for their language while grammarians have called it invariably by the latter name.

As in the case of Sāvayadhamma-dohā, I have tried in my translation to be as literal and as close to the Apabhramsa form as possible, even at the sacrifice, sometimes, of the Hindi idiom. This, I hope, will be appreciated by those who wish to study the language. I have frequently added explanatory notes to the translation besides the elucidation and discussion of the texts separately in the *tippanis*. I have tried to make the glossary complete in the matter of entries as well as references.

The text has been critically edited from two manuscripts, one secured from Delhi and the other from Kolhapur.

I have also kept in view the readings of some verses as found in other works. But these have been noticed in the tippanis and not incorporated in the variants. It is for the readers to judge how far I have succeeded in presenting a correct text from the scanty materials available. So little of this literature has, up till now, seen the light of day as compared to what is in store, that I am prepared, almost expect, to modify my views in any direction in future.

King Edward College
Amraoti.
12th December 1933.

Hiralal Jain.

विषय-सूची.

भूमिका

१. संशोधन सामग्री

पाहुडदोहा का प्रस्तुत संस्करण दो प्राचीन प्रतियों पर से तैयार किया गया है। ये प्रतियां मुझे क्रमशः पन्नालालजी अग्रवाल, दिल्ली, व प्रोफेसर ए एन उपाध्ये, कोल्हापुर, द्वारा प्राप्त हुई थीं। अतएव मैं उक्त सज्जनों का बहुत उपकार मानता हूं।

इन प्रतियों का परिचय निम्न प्रकार है—

द.

यह प्रति दिल्ली के नये मंदिर की है। इसका पता हमें अनेकान्त में प्रकाशित श्रीयुक्त जुगलकिशोर जी मुख्तार के एक नोट से चला। इसकी पत्र संख्या १२; आकार ११" × ५ १/४"; पंक्तिया प्रति पृष्ठ ११; वर्ण प्रति पंक्ति लगभग ३६; हांसिया ऊपर नीचे ३/४", दायें बायें १ १/४" है। यह प्रति प्रायः शुद्ध है और अच्छी दशा में रक्षित रही है। कागज पीला, पतला है किन्तु अभी खराब नही हुआ।

प्रारम्भ – अथ पाहुडदोहा लिख्यते।

अन्त – इति श्री मुनि रामसीह विरचिता पाहुडदोहा समाप्तं॥

मिती पौष शुक्ल ६ शुकरवार संवत् १७९४ ॥ लिपतं विरजभान श्रावग पाणीपथनगरमध्ये शुपाठनार्थं ॥ श्री शुभं अस्तु कल्याणं अस्तु ॥

इससे विदित हुआ कि यह प्रति आज से लगभग दो सौ वर्ष पूर्व पानीपत में लिखी गई थी। इसमें दोहों की संख्या २२० है। दोहा नं. ७१ और १४२ नही हैं। हमने अपनी प्रथम कापी इसी प्रति पर से तैयार की थी।

क.

यह प्रति एक गुटके के अन्तर्गत है इस गुटके में और भी कई छोटी मोटी संस्कृत प्राकृत रचनाओं का संग्रह है। इसका परिचय श्रीयुक्त उपाध्ये जी, अनेकान्त में प्रकाशित, अपने एक लेख में दे चुके हैं। इसका आकार ५$\frac{3}{4}''$ × ५$''$ है। इस गुटके की दशा बड़ी शोचनीय है। प्रारम्भ के सात आठ पन्ने गायब हैं और अंत के दस बारह पन्ने अधकटे हो गये हैं। बीच के पन्ने यत्र तत्र दीमक के भक्ष्य हुए हैं। कितने ही पन्नों की स्याही उड़ गई है जिससे कहीं कहीं पढना दुःसाध्य और कहीं कहीं असम्भव है।

पाहुड दोहा इस गुटके के पृष्ठ ६२ से ८१ तक है। उसके पूर्व कुछ सैद्धान्तिक गाथाएँ लिखी हुई हैं और पश्चात् योगीन्द्रदेव कृत परमात्मप्रकाश है।

प्रारम्भ—ॐ नमः सिद्धेभ्यः।

अन्त—इति श्री योगेन्द्रदेवविरचित दोहापाहुडं नाम ग्रंथं समाप्तं।

गुटके में कहीं संवत् आदि का उल्लेख नही मिला, इससे यह कहना कठिन है कि यह प्रति कितनी पुरानी है। श्रीयुक्त उपाध्ये ने इसे लगभग दो सौ वर्ष पुराना अनुमान किया है। मेरा भी यही अनुमान है। यद्यपि गुटके की हालत देखकर कोई इसे और भी अधिक पुराना अनुमान करेगा, किन्तु विचार पूर्वक अवलोकन से ज्ञात होता है कि गुटके की यह दुरवस्था उतनी काल के प्रभाव से नही जितनी असावधानी से रखे जाने के कारण हुई है। सम्भवतः यह गुटका किसी श्रावक के घर में रहा है, वह पठन पाठन के लिये हाथों हाथ आता जाता रहा है, तथा खुला रखा रहने के कारण उसे सीड और दीमक का परीषह भी सहना पड़ा है।

इस गुटके की बीच बीच में कुछ पंक्तियां लाल स्याही से लिखी गई हैं। यह स्याही कई जगह बुरी तरह उड़ गई है। बीच बीच में तो पन्ने के पन्ने अपाठ्य हो गये हैं। इस कारण इसके पाठों का मिलान करने में बड़ी कठिनाई का अनुभव हुआ। पाहुड दोहा की और अधिक प्रतियां नही मिल सकीं इस कारण मैंने इसके पाठों को पढने तथा उन्हे प्रस्तुत संस्करण में देने का भरसक प्रयत्न किया है। तथापि उपर्युक्त कठिनाई के कारण कुछ स्थानों पर इसके पाठ जानने में मैं असफल ही रहा, जैसा कि संस्करण की पाद-टिप्पणियों से पाठकों को ज्ञात हो जावेगा।

द. प्रति से इस प्रति की मुख्य विशेषतायें ये हैं—

१. इसमें दोहा नं. ६४ नहीं है, तथा दोहा ७९ और १४२ अधिक हैं। नं. ७ दो दोहों पर दिया गया है, और इस तरह से अन्तिम दोहे पर नं. २२० आया है यद्यपि यथार्थतः दोहों की संख्या २२१ है।

२. कुछ दोहों का क्रम विपरीत है जैसे ६ और ७; २० और २१; २२ और २३.

३. लिपिकार की असावधानी के कारण कहीं कहीं दोहों के एक, दो या तीन चरण छूट गये हैं। उदाहरणार्थ देखिये दोहा १३९ व १६६ की पाद-टिप्पणियां।

४. ण के स्थान पर न का प्रयोग बहुत हुआ है किन्तु यह पाठभेद देने की हमने आवश्यकता नहीं समझी।

५. इसके पाठों में कुछ संयुक्ताक्षर ऐसे पाये जाते हैं जो हेमचन्द्र ने स्वीकार किये हैं किन्तु प्राप्त अपभ्रंश ग्रंथों में कम पाये जाते हैं—जैसे क्रियाग्रहण, द्रव्वगु, प्रन्भइ। ये पाठ अन्य पाठान्तरों के समान पाद-टिप्पणियों में दिये गये हैं।

पाठ-संशोधन का पूरा कार्य इन्हीं दो पोथियों के आधार पर किया गया है जिनमें से भी एक पोथी की ऐसी दुर्दशा है। अतएव किसी किसी दोहे के संशोधन में मुझे स्वयं पूर्ण संतोष

नहीं है। किन्तु मेरा ऐसा ध्यान है कि अधिकांश ग्रंथ के दोहों का पाठ असंदिग्ध रूप से इस संस्करण में निश्चित हो गया है।

जैसा कि आगे चलकर वतलाया जायगा, इस ग्रंथ के अनेक दोहे परमात्मप्रकाश में व कुछ दोहे योगसार तथा हेमचन्द्र कृत प्राकृत व्याकरण में मुझे मिले हैं। किन्तु इन ग्रंथों के पाठभेद अंकित नहीं किये गये। आवश्यकतानुसार उन पाठभेदों का टिप्पणी में उपयोग किया है।

२. ग्रन्थ का नाम

इस ग्रंथ के नाम के साथ जो दोहा शब्द लगा है वह उसके छंद का वोधक है। जैनियों ने पाहुड शब्द का प्रयोग किसी विशेष विषय के प्रतिपादक ग्रंथ के अर्थ में किया है। कुन्दकुन्दाचार्य के प्रायः सभी ग्रन्थ 'पाहुड' कहलाते हैं, यथा समयसारपाहुड, प्रवचनसारपाहुड, भावपाहुड, बोधपाहुड इत्यादि। गोम्मटसार जीवकाण्ड की ३४१ वीं गाथा में इस शब्द का अर्थ अधिकार वतलाया गया है 'अहियारो पाहुडयं'। उसी ग्रंथ में आगे समस्त श्रुतज्ञान को पाहुड कहा है। इससे विदित होता है कि धार्मिक सिद्धान्त-संग्रह को पाहुड कहते थे। पाहुड का संस्कृत रूपान्तर प्राभृत किया जाता है जिसका अर्थ उपहार है। इसके अनुसार हम वर्तमान ग्रंथ के नाम का अर्थ 'दोहों का उपहार' ऐसा ले सकते हैं।

३. पाहुडदोहा का विषय व शैली

प्रस्तुत ग्रंथ के कर्ता भारतवर्ष के उन कवियों में से एक थे जिन्होंने समय समय पर भौतिक सुखों में भूले हुए पुरुषों को एक उच्चतर सुख का मार्ग बताने, तथा धर्म के नाम पर सारहीन क्रिया काण्ड व अन्धविश्वास में डूबे हुए व्यक्तियों का उद्धार करने का प्रयत्न किया है और आर्य-सभ्यता पर आध्यात्मिकता की एक गहरी छाप लगा दी है। जैनियों के तीर्थंकरों ने खास तौर से उपभोग की अपेक्षा त्याग और कर्मकांड की अपेक्षा स्वानुभव के श्रेष्ठ माहात्म्य को चरितार्थ किया है। ऐसे ही उपनिषदों के रचयिता वे ऋषि थे जिन्होंने जोरदार आवाज में यह घोषणा की, कि—

> एष सर्वेषु भूतेषु गूढोऽत्मा न प्रकाशते।
> दृश्यते त्वग्रया बुद्धया सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः॥
>
> अशरीरं शरीरेष्वनवस्थेष्ववस्थितम्।
> महान्तं विभुमात्मानं मत्वा धीरो न शोचति॥
>
> यदा सर्वे प्रभिद्यन्ते हृदयस्येह ग्रंथयः।
> अथ मर्त्योऽमृतो भवत्येतावद्ध्यनुशासनम्॥

गत दो अढ़ाई हजार वर्षों में ऐसे आचार्य और साधु मुनि होते आये हैं जिन्होंने भिन्न भिन्न समय पर, अलग अलग रूप में, नई नई भाषाओं द्वारा, पृथक् पृथक् समाज में, इसी संदेश को

घोषणा की है। जैन समाज में ऐसे मुनि महात्माओं का बाहुल्य रहा है। प्रस्तुत ग्रंथ के रचयिता भी इसी कोटि के थे। उन्होने अपना गुरु माना है प्रकाशदाता को। यदि सूर्य से प्रकाश आता है तो वह गुरु है, यदि चन्द्र से प्रकाश आता है तो वह गुरु है, और यदि किसी ज्ञानी से प्रकाश आता है तो वही गुरु है। उनका उपदेश है कि सुख के लिये बाहर के पदार्थों पर अवलम्बित होने की आवश्यकता नही है, इससे तो केवल दुःख और संताप ही बढेगा। सच्चा सुख इन्द्रियों पर विजय और आत्मध्यान में ही मिलता है। यह सुख इंद्रियसुखाभासों के समान क्षणभंगुर नही है, किन्तु चिरस्थायी और कल्याणकारी है। आत्मा की शुद्धि के लिये न तीर्थ जल की आवश्यकता है, न नानाप्रकार का वेष धारण करने की। आवश्यकता है केवल, राग और द्वेष की प्रवृत्तियों को रोक कर, आत्मानुभव की। मूंड मुडाने से, केशलौंच करने से या नग्न होने से ही कोई सच्चा योगी और मुनि नही कहा जा सकता। योगी तो तभी होगा जब समस्त अंतरंग परिग्रह छूट जावे और मन आत्मध्यान में लवलीन हो जावे। देवदर्शन के लिये पाषाण के बड़े बड़े मन्दिर बनवाने तथा तीर्थों तीर्थ भटकने की अपेक्षा अपने ही शरीर के भीतर निवास करने वाले देव का दर्शन करना अधिक सुखप्रद और कल्याणकारी है। आत्मज्ञान से हीन क्रियाकांड कणरहित तुष और पयाल कूटने के समान निष्फल है। ऐसे व्यक्ति को न इन्द्रियसुख ही मिलता और न मोक्ष का मार्ग ही।

ग्रंथकार ने अपना उपर्युक्त उपदेश अत्यन्त सरल, सरस और सुन्दर दोहों में रखा है। उन्होने कहीं अपने भाषा-पाण्डित्य या विद्वत्ता को बतलाने का प्रयत्न नहीं किया, किन्तु दोहे दोहे में उनके गम्भीर विचारों तथा मानवीय दुर्बलताओं के ज्ञान का परिचय मिलता है। उनका उपदेश खासकर उन मूर्ख व्यक्तियों को है जो विना आत्मसंयम का अभ्यास किये व विना आत्मकल्याण के सच्चे मार्ग को जाने 'जोगिया' बन जाते हैं। उपमाओं और रूपकों का कर्ता ने खूब उपयोग किया है। उन्होंने मन को करहा (करभ, ऊंट), देह को देवालय कुटी (कुडिल्ली) और आत्मा को शिव तथा इंद्रियवृत्तियों को शक्ति कह कर अनेक वार सम्बोधन किया है। करहा की उपमा कवि को बहुत ही प्रिय है। वह बहुत से दोहों में आई है और कहीं कहीं तो कवि ने उसे विस्तार से दर्शाया है। उदाहरणार्थ १११, ११२, ११३ दोहे देखिये। कहीं कहीं कवि के श्लेष और अन्योक्तियाँ मार्मिक हैं, जैसे दोहा नं. ११५, १४९, १५०, १५१, १५२. उनके दृष्टान्त भी सुन्दर और सरल होते हैं (देखो दोहा १५, ७१, १४६, १४७, १४८.) ग्रंथकार ने कुछ दोहों में देह और आत्मा के संयोग का प्रेयसी और प्रेमी के रूपक में वर्णन किया है (दोहा ९९, १००). यह शैली पीछे हिन्दी कविता में बहुत लोक प्रिय होगई और भक्त और आराध्य का प्रेयसी और प्रेमी के रूपक में बहुत वर्णन हुआ है। ग्रंथ में ऐसी उपमायें और उक्तियां बहुत हैं जो सार्वजानिक होने के लायक हैं तथा जो सम्भवतः कवि के समय में ऐसी रही हैं।

४. पाहुडदोहा में रहस्यवाद

इस ग्रंथ के कर्ता एक योगी थे और योगियों को ही सम्बोधन कर के उन्होंने ग्रंथरचना की है। यद्यपि उनका सामान्योपदेश सीधा और सरल है किन्तु ग्रंथ के स्थल स्थल पर रहस्यवाद की छाप भी लगी हुई है। कर्ता के लिये देह एक देवालय है जिसमें अनेक शक्तियों सहित एक देव अधिष्ठित है। उस देव का आराधन करना, उसे पहचानना, उसमें तन्मय होना, एक बड़ी गूढ क्रिया है जिसके लिये गुरु के उपदेश और निरन्तर अभ्यास की आवश्यकता है। ग्रंथकार का गूढवाद समझने के लिये मैं पाठकों का ध्यान निम्न दोहों पर विशेष रूप से आकर्षित करता हूं—दोहा नं. १,९, १४, ४६, ५३, ५५, ५६, ९४, ९९, १००, १२१, १२२, १२४, १२७, १३७, १४४, १५७, १६७, १६८, १७०, १७७, १८१, १८४, १८६, १८८, १९२, २०३, २१३, २१९, २२०, २२१. इन दोहों में जोगियों का आगम, अचित् और चित्, देहदेवली, शिव और शक्ति, संकल्प और विकल्प, सगुण और निर्गुण, अक्षर, बोध और विबोध, वाम, दक्षिण और मध्य, दो पथ, रवि, शशि, पवन और काल आदि ऐसे शब्द हैं, और उनका ऐसे गहन रूप में प्रयोग हुआ है, कि उनसे हमें योग और तांत्रिक ग्रंथों का स्मरण आये विना नहीं रहता। यथार्थतः विना इन ग्रंथों की सांकेतिक भाषा के अवलम्बन के उपर्युक्त दोहों के पूरे रहस्य का उद्घाटन नहीं होता—

कहीं कहीं तो कुछ अर्थ ही समझ में नहीं आता। कोरा शब्दज्ञान काम नहीं देता, युक्ति थकित हो जाती है और बुद्धि भ्रमित होने लगती है। जब कवि 'णिम्मलि होइ गवेसु' कह कर चल देते हैं तब ऐसा प्रतीत होता है कि वे हमें भ्रान्ति में डाल-कर, धोका देकर, भाग रहे हैं। टिप्पणी में कहीं कहीं इस योग और तंत्र के रहस्य का अति सूक्ष्म संकेत मात्र कर दिया गया है। इसका पूर्ण अध्ययन कर, रहस्य के उद्घाटन के लिये न तो इस समय मेरे पास यथेष्ट साधन हैं और न अवकाश है। इसलिये विषय के चित्ताकर्षक और मोहक होने पर भी उसे यहीं छोड़ना पड़ता है। किन्तु यह बात ध्यान देने योग्य है कि इस विषय में यह ग्रंथ ब्राह्मण और बौद्ध तांत्रिक कविता से समानता रखता है। इसी ग्रंथ के प्रायः समकालीन बौद्ध चर्यापद और दोहाकोषों में भी इसी प्रकार की, प्रायः इन्हीं सांकेतिक शब्दों में, और ऐसी ही अपभ्रंश भाषा में, कविता पाई जाती है।

५. पाहुडदोहा का अन्य ग्रंथों से सम्बन्ध

यों तो इस ग्रंथ में जो भाव प्रगट किये गये हैं उनसे ब्राह्मण साहित्य के उपनिषद् ग्रंथ तथा जैन साहित्य के प्रायः सभी आध्यात्मिक ग्रंथ ओतप्रोत हैं, तथापि निम्न ग्रंथों में, भाषा और भाव, दोनों दृष्टियों से कुछ असाधारण सादृश्य हमारे देखने में आया है जिसका यहां परिचय दे देना उपयुक्त प्रतीत होता है।

पाहुडदोहा और कुन्दकुन्दाचार्य

दिगम्बर सम्प्रदाय के प्राचीनतम और उच्चतम आचार्य कुन्दकुन्द के सभी ग्रंथ आध्यात्मिक भावों से भरे हुए हैं, किन्तु उनके भाव पाहुड में विशेष रूप से वे भाव पाये जाते हैं जो प्रस्तुत ग्रंथ में आये हैं, तथा भाषा और रचना भी कहीं कहीं एक सी दिख जाती है। विशेषतः उल्लेखनीय गाथा ८६ है जिसमें 'सालिसित्थ' का उदाहरण उसी रूप से और उसी भाव में दिया गया है जैसा प्रस्तुत ग्रंथ के पांचवे दोहे में (देखो दोहा नं. ५ की टिप्पणी)। ४७ वीं गाथा तो यहां नं. २३ पर पूरी ही उद्धृत की हुई पाई जाती है (देखो दोहा नं. २३ की टिप्पणी)।

पाहुडदोहा और योगीन्द्रदेव

योगीन्द्रदेव के दो ग्रंथ—परमात्मप्रकाश और योगसार—बहुत दिन के प्रकाशित हो चुके हैं*। इन दोनों ग्रंथों और प्रस्तुत ग्रंथ में असाधारण साम्य है-केवल साम्य ही नहीं किन्तु इस ग्रंथ का लगभग पंचमांश भाग परमात्मप्रकाश में प्रायः ज्यों का त्यों पाया जाता है। दोहों का ऐक्य इस प्रकार है —

---

* परमात्म प्रकाश—सहारनपुर १९०९; रायचन्द्र शास्त्रमाला, बम्बई १९१६. अब पुनः संशोधन हो रहा है।

योगसार—माणिकचंद्र ग्रंथमाला नं. २१, बम्बई १९२२.

पाहुड.	परमा.	पाहुड.	परमा.	पाहुड.	परमा.
२	२८५	३१	८२, ८८	७४	३१८
३	११८	३२	८३, ८९	७७	१६५
७	२५१	३३	७२	८०	योग. ४०
	योग. ५१	३४	७१	८४	२१०
८	२५२	३५	७०	९५	२८८
९	२५३	३७	७५	१०१	२०३
११	२५४	३९	४१	१०५	२५७
१२	२७५	४९	१२५	१०७	२८२
१३	२५८	५२	२५९	१३९	योग. ३९
१४	२९४	५७	१४४	१४७	२०१
	योग. ६१	६२	१२६	१४८	२३७
१७	२६९	६७	२८९	१६१	२६०
१८	२७९		योग. ७९	१८३	२९०
२३	६६	६८	९७	१८६	योग. ४२
२५	८०		योग. ३३	१८९	६८
२६	८१	६९	योग. ७०	१९२	२९१
२७–२८	९०–९२	७१	२०५	२०६	२२
२९	९३	७२	१९८		

(ऊपर पाहुडदोहा, परमात्मप्रकाश और योगसार के समान दोहों के अंक दिये गये हैं। परमात्मप्रकाश के अंक रायचन्द्र शास्त्रमाला, बम्बई, में प्रकाशित प्रति के अनुसार हैं। केवल दोहा ८४ का समरूप उक्त प्रति में नहीं है वह सन् १९०९ में बाबू सूरजभानु जी द्वारा प्रकाशित प्रति के नं. २१० पर है।)

विषय भी इन तीनों ग्रंथों का एक ही है, शैली भी वही

है और उक्तियां, उपमायें आदि भी एक सी ही हैं। सम्बोधन के लिये वही 'जोइया' और 'वढ' तथा देहरूपी देवालय और आत्मा रूपी शिव सभी में हैं। हां, करहा की उपमा, जो प्रस्तुत ग्रंथ में जगह जगह आई है, परमात्मप्रकाश में केवल एक ही जगह (दोहा २६६ में) पाई जाती है।

पाहुडदोहा और सावयधम्मदोहा

यद्यपि सावयधम्मदोहा और प्रस्तुत ग्रंथ में विषय की दृष्टि से कुछ भेद है, क्योंकि पूर्वोक्त ग्रंथ गृहस्थों के लिये लिखा गया है और प्रस्तुत ग्रंथ जोगियों के लिये, किन्तु भाषा और शैली दोनों की समान ही है। छोटे मोटे भावों, उपमाओं आदि व उक्तिओं आदि के साम्य के अतिरिक्त दो पूरे दोहे दोनों में समान हैं:—

पाहुड.	सावय.
४३	१२९
२१५	३०

पाहुडदोहा और श्रुतसागर

श्रुतसागर तथा उनकी षट्प्राभृत टीका का उल्लेख हम सावयधम्मदोहा की भूमिका में कर चुके हैं। इस टीका में पाहुड-दोहा के तीन दोहे थोड़े से हेर फेर के साथ उद्धृत पाये जाते हैं। यथा:—

पाहुड. १९ = भावपाहुडटीका गाथा १०८; पा. १४६ = भा. टी. १६२; पाहुड. १४७ = चरित्र पाहुड टीका गा. ४१.

पाहुडदोहा और हेमचन्द्र

सब से अधिक महत्वपूर्ण और चित्तग्राही इस ग्रंथ का सम्बन्ध हेमचन्द्राचार्य कृत प्राकृत व्याकरण से है। इस व्याकरण के चौथे पाद के अपभ्रंश सम्बन्धी सूत्रों के उदाहरण रूप इस ग्रंथ के कुछ दोहे हमें मिले हैं। ऐतिहासिक एवं पाठभेद की दृष्टि से ये सामञ्जस्य इतने उपयोगी हैं कि हम उन्हे यहां उद्धृत करना आवश्यक समझते हैं:—

पाहुडदोहा	हेम. व्याकरण
सयलु वि को वि तडप्फडइ	साहु वि लोउ तडप्फडइ
सिद्धत्तणहु तणेण।	वड्डत्तणहो तणेण।
सिद्धत्तणु परि पावियइ	वड्डप्पणु परिपावियइ
चित्तहं णिम्मलएण ॥ ८८ ॥	हत्थि मोक्कलडेण ॥ ३६६ ॥
छंडेविणु गुणरयणणिहि	जे छड्डेविणु रयणनिहि
अग्घथडिहिं घिप्पंति।	अप्पडं तडि घल्लंति।
तहिं संखाहं विहाणु पर	तहं संखहं विट्टालु परु
फुक्किज्जंति ण भंति ॥ १५१ ॥	फुक्किज्जंत भमन्ति ॥ $\frac{४२२}{१}$
अग्वइ णिरामइ परमगइ	प्राइव मुणिहं वि भंतडी
अज्ज वि लउ ण लहंति	तें मणिअडा गणंति।

भग्गी मणइं ण भंतडी
तिम दिवहडा गणंति ॥१६९॥
जिम लोणु विलिज्जइ पाणियहं
॥ १७६ ॥
जइ इक्क हि पावीसि पय
अंकय कोडि करीसु ।
णं अंगुलि पय पयडणइं
जिम सव्वंगय सीसु ॥ १७७ ॥

अखइ निरामइ परम गइ
अज्ज वि लउ न लहंति ॥ ४१४/२
लोणु विलिज्जइ पाणिएण ॥ ४१८/५
जइ केवँइ पावीसु पिउ
अकिआ कुड्ड करीसु ।
पाणिउ नवइ सरावि जिवँ
सव्वंगें पइसीसु ॥ ३९६/१

हेमचन्द्राचार्य कृत व्याकरण में जो दोहे उदाहरण रूप से दिये गये हैं उनके सम्बन्ध में विद्वानों का यही मत है कि वे उस समय के प्रचलित साहित्य से लिये गये हैं। यह बात सत्य है कि हेमचन्द्र ने उन दोहों को कुछ परिवर्तित रूप में दिये हैं। किन्तु यह कोई आश्चर्य की बात नही है, क्योंकि जब एक विद्वान् वैयाकरण व्याकरण के निमयों की पुष्टि में कोई उदाहरण देगा जो वह उसकी जिह्वा से परिमार्जित होकर ही निकलेगा। दूसरे, हेमचन्द्र कवि भी थे, अतः उन्होने दोहों को सार्वजनिक रुचि के अनुकूल बनाकर रखा है। हमारे दोहा नं. ८८ में उन्होने जो परिवर्तन किया है वह उसे सर्वप्रिय बनाने की दृष्टि से ही किया है। उन्होने 'सकल' की जगह 'साधु लोक,' 'सिद्धत्व' की जगह 'वडप्पन' और 'चित्तनैर्मल्य' की जगह 'मुक्त-हस्तता' अर्थात् दानशीलता का आरोपण कर दिया है जिससे दोहा आध्यात्मिक

क्षेत्र से निकल कर लौकिक क्षेत्र में आगया है। दोहे का शेष संगठन बिल्कुल जैसा का तैसा रहा है।

हमारे दोहा नं. १५१ के दूसरे चरण का परिवर्तन केवल पाठभेद सा प्रतीत होता है। हमारे पाठ के 'थड' का अर्थ भी हेमचन्द्र के 'तड' (तट) के समान होता है, तथा 'घिप्पंति' और 'वलंति' भी यहां समानार्थ हैं। शेष दो चरणों का पाठ हेमचन्द्र के प्रकाशित व्याकरण में कुछ भिन्न है। हां, इतना अवश्य है कि 'विट्टालु' पाठ उसमें हेमचन्द्रजी ने अवश्य रखा है, क्योंकि उसी शब्द के उदाहरण रूप दोहा उद्धृत किया गया है। किन्तु उन चरणों का कुछ ठीक अर्थ नहीं लगता। इस व्याकरण के सम्पादक डॉ. वैद्य ने दोहे के सम्बंध में कहा है कि 'प्रसङ्ग के अभाव में दोहे का ठीक अर्थ नहीं बैठाया जा सकता'×। किन्तु यदि हमारे ग्रंथ का प्रसंग ध्यान में रखा जावे तो अर्थ स्पष्ट हो जाता है। अर्थ होगा 'वहां संखों की बड़ी दुर्गति (विट्टालु) होती है, वे फूंके जाते हैं, इसमें भ्रान्ति नहीं' या (हेमचन्द्र के पाठ के अनुसार) 'फूंके जाते और भ्रमते फिरते हैं'। प्रसंग सत्संग-त्याग के दुष्परिणाम का है यह हमारे ग्रंथ से स्पष्ट है।

दोहा नं. १६९ के दो चरणों में परिवर्तन किया गया है और दोहे के चरणों का क्रम बदल दिया गया है। हमारे दोहे के प्रथम दो चरण ज्यों के त्यों अन्तिम दो चरणों में रखे गये हैं।

× हेम. प्राकृत व्याकरण, सं. डॉ. वैद्य, नोट्स पृ. ६२.

शेष दो चरणों में जो परिवर्तन किये गये हैं वे साभिप्राय हैं। प्राइव (प्रायः) का तो उदाहरण ही देना था इससे वह रक्खा गया है, और दिवहडा की जगह 'माणिअडा' से अर्थ में बहुत कुछ विशेषता लाई गई है। इन परिवर्तनों के निर्वाह के लिये 'मणहं' के स्थान पर 'मुणिहं' कर दिया गया है।

जो अवस्था हमारे १५१ वें दोहे की हेमचन्द्र व्याकरण में हुई है, ठीक वही अवस्था हमारे दोहा नंबर १७७ के प्राप्त पाठ में पाई जाती है। अन्तिम दो चरणों का तो कुछ मतलब ही नहीं लगता। दोहे का अर्थ पहले ही से क्लिष्ट था, अतएव, जैसा मैं टिप्पणी में कह चुका हूं, लिपिकारों के अज्ञान से उसकी वह दुरवस्था हुई है। हेम. व्याकरण में उसका ठीक रूप रक्षित है। इन अवतरणों से हमारे ग्रंथ के रचनाकाल पर जो प्रकाश पड़ता है उसका अगले प्रकरण में उल्लेख किया जायगा।

अभीतक हेमचन्द्राचार्य के दोहों के मूल स्रोतों का कोई पता नहीं था। यह अत्यन्त महत्व की बात है कि अपभ्रंश साहित्य के प्रकाश में आने से अब उनका ठीक ठीक पता, धीरे धीरे, लग रहा है। तीन दोहे परमात्मप्रकाश में भी पाये गये हैं ×।

६ पाहुडदोहा के रचयिता

ग्रंथ के दोहा नं. २११ में 'रामसीह मुणि इम भणइ'

× Annals of Bhand. Orion. Re. Inst., 1931, p. 159-160.

वाक्य आ.या है, तथा द. प्रति की पुष्पिका में ये दोहे मुनि-रामसीह -विरचित कहे गये हैं। इससे ज्ञात होता है कि कोई रामसिंह नामधारी मुनि इस ग्रंथ के रचयिता हुए हैं। किन्तु क. प्रति की पुष्पिका में यह दोहापाहुड 'योगीन्द्रदेवविरचित' कहा गया है। इससे ग्रंथकर्तृत्व का प्रश्न कुछ जटिल हो गया है। यह हम देख ही चुके हैं कि प्रस्तुत ग्रंथ की योगीन्द्रदेव के अन्य दो ज्ञात ग्रंथों से भाषा और भाव में असाधारण समता है। इस सम्बंध में श्रीयुक्त उपाध्ये का बहुत ही नियन्त्रण पूर्वक एक संकेत है कि प्रस्तुत ग्रंथ कदाचित् योगींद्रकृत ही हो और रामसिंह केवल एक परम्परागत नाम हो, जैसा कि परमात्मप्रकाश (दोहा १८८) में 'अज्जउ संति भणेइ' में शान्ति का नाम पाया जाता है[१]। किन्तु जबतक और कोई सबल प्रमाण न मिलें तबतक इस ग्रंथ को योगीन्द्रदेव कृत मानना ठीक नही है। योगीन्द्र ने अपने परमात्मप्रकाश[२] व योगसार[३] में अपना नाम स्पष्ट रूप से अंकित कर रखा है[४]। हम सावयधम्मदोहा में देख चुके हैं कि किस प्रकार

---

१. A. N. Upadhye: Joindu and his Apabhransa works: Annals of Bhand. Orien. Re. Inst. Poona, 1931 p. 152.

२. परमात्मप्रकाश दोहा ८.

३. योगसार दोहा १०७.

४. एक और काव्य अमृताशीति (संस्कृत) के अन्त में योगीन्द्र का नाम मिलता है। पर इन दोनों कर्ताओं के एकत्व के सम्बंध में संशय है। मा. ग्रंथमाला २१, पृ. १०१ व भूमिका.

ग्रंथ-साम्य के कारण योगीन्द्रदेव का नाम उस ग्रंथ के कर्ता के रूप में कुछ लिपिकारों ने लिखा है† । जहां ग्रंथ के अनेक दोहों के परमात्मप्रकाश और प्रस्तुत ग्रंथ में पाये जाने के आधार पर दोनों के ग्रंथ कर्ता एक ही अनुमान किये जाते हैं, वहां यह भी प्रश्न हो सकता है कि यदि सचमुच दोनों ग्रंथ एक ही कर्ता की रचनायें हैं तो ऐसी पुनरुक्ति से कर्ता का क्या अभिप्राय है? नियम तो यह है कि ग्रंथकर्ता सदैव ऐसे पुनरुक्तिदोष से बचने का प्रयत्न करते है। हां, एक आध उक्ति कभी दोनो में एक ही रूप से, विना जाने, आजाती है, या प्रसंग में वहुत उपयोगी कभी किसी वाक्य को दोहराना पड़ता है, किन्तु दोसौ बीस या वाइस दोहों में कोई चालीस दोहे अपने दूसरे ग्रंथ के प्रायः जैसे के तैसे रखना कवियों में सर्वथा अपूर्व या असाधारण है। अतएव जब तक और अधिक प्रमाण इस सम्बंध में हमें न मिल जावें तब तक प्रस्तुत दोहों के कर्ता ग्रंथ के भीतर निर्दिष्ट मुनि रामसिंह को ही मानना उचित है।

नाम पर से ये मुनि अर्हद्बलि आचार्य द्वारा स्थापित 'सिंह' संघ के अनुमान किये जा सकते हैं* । ग्रंथ में 'करहा' (ऊंट) की उपमा बहुत आई है तथा भाषा में भी 'राजस्थानी' हिन्दी

---

† सावयधम्मदोहा पृ. I) और I≈)॥.

* इंद्रनन्दि कृत नीतिसार ६–७; श्रवणवेल्गोळा शिलालेख नं. १०५, २६–२७.

के प्राचीन महावरे दिखाई देते हैं। इससे अनुमान होता है कि ग्रंथकार राजपुताना प्रान्त के थे। ग्रंथकार का इससे अधिक परिचय देने के लिये कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं।

७. पाहुडदोहा का रचनाकाल

प्रस्तुत ग्रंथ कब रचा गया, इस प्रश्न का निश्चित उत्तर देना तो कठिन है, किन्तु हम ऊपर जो इस ग्रंथ का अन्य ग्रंथों से सम्बन्ध बतला आये हैं, तथा इसमें भाषा का जो रूप पाया जाता है, उस पर से उसके रचनाकाल का स्थूल रूप से अनुमान करना अशक्य नहीं है। उपलब्ध दो हस्तलिखित प्रतियों में से एक संवत् १७९४ अर्थात् ईस्वी १७३७ की लिखी हुई है। अतएव ग्रंथ इससे पूर्व बन चुका था यह निश्चित है। इस ग्रंथ के जो तीन दोहे श्रुतसागर की षट्पाहुड टीका में उद्धृत पाये जाते हैं उससे सिद्ध होता है कि यह ग्रंथ श्रुतसागर से पूर्व बन चुका था। श्रुतसागरजी गुर्जरदेश के पट्टाधीश लक्ष्मीचन्द्र के शिष्य थे, और लक्ष्मीचन्द्रजी का एक उल्लेख संवत् १५८२ का पाया जाता है+। श्रुतसागरजी इसी समय के लगभग हुए होंगे। अतः यह माना जा सकता है कि हमारा ग्रंथ उक्त संवत् अर्थात् ईस्वी १५२५ के लगभग वर्तमान था।

इसी प्रकार हेमचन्द्राचार्य के व्याकरण में इस ग्रंथ के

+ माणिकचन्द्र ग्रंथमाला २१, भूमिका.

चार दोहे पाये जाने से सिद्ध होता है कि यह ग्रंथ उक्त आचार्य के पूर्व वन चुका था। हेमचन्द्र के समय के सम्बन्ध में कोई शंका नही है। उन्होने अपने व्याकरण के अन्त में स्वयं कहा है कि वह ग्रंथ उन्होने गुजरात के चालुक्यवंशी राजा सिद्ध-राज की अभ्यर्थना से लिखा। सिद्धराज गुजरात के राजसिंहासन पर सन् १०९३ ईस्वी में वैठे, और उन्होंने सन् ११४३ तक राज्य किया। सन् ११४३ में उनके उत्तराधिकारी कुमारपाल सिंहासन पर आये। अतः सिद्ध है कि हेमचन्द्र का व्याकरण सन् १०९३ और ११४३ के वीच में बना है। इससे प्रस्तुत ग्रंथ सन् ११०० से पूर्व का बना हुआ सिद्ध होता है।

जैसा श्रुतसागर की टीका और हेमचन्द्र के व्याकरण के सम्वन्ध में कह सकते हैं कि उनमें दोहे उद्धृत किये गये हैं वैसा परमात्मप्रकाश, योगसार और सावयधम्मदोहा के सम्बन्ध में नही कह सकते। इन ग्रंथों के समान दोहों के सम्बन्ध में तीन अनुमान किये जा सकते हैं। या तो प्रस्तुत ग्रंथ में से पूर्वोक्त ग्रंथों में वे दोहे उद्धृत किये गये हैं, या उन ग्रंथों में से प्रस्तुत ग्रंथ में उद्धृत किये गये है और या वे दोहे किसी और ही ग्रंथ से या प्रचलित दोहों में से उक्त सभी ग्रंथों ने लिये हैं। इस सम्बन्ध में निर्णायक प्रमाण हमारे पास कुछ नही है। हां, ग्रंथों के ही प्रसंग, शैली आदि पर से कदाचित् कुछ अनुमान किया जा सके कि किस ग्रंथ में वे दोहे उस ग्रंथ के अवश्यंभावी अंग है और किस

में वे आगन्तुक से ज्ञात होते हैं। जैसा हम ऊपर कह आये हैं, परमात्मप्रकाश, योगसार और प्रस्तुत ग्रंथ के प्रसंग और शैली में इतनी समानता है कि उन पर पूर्वोक्त कसौटी भी कुछ नही चलती। हां, योगीन्द्र का नाम वहुत समय से प्रसिद्ध और सुप्रतिष्ठित रहा है, उनके ग्रंथों पर संस्कृत हिन्दी टीकायें भी लिखी गई हैं, तथा अन्य अनेक टीकाकारों ने उनका उल्लेख किया है, इससे यही अनुमान करने को जी चाहता है कि उन्ही के ग्रंथों से प्रस्तुत ग्रंथ में दोहे लिये गये हैं। पर यह विषय शंकास्पद ही है। यदि इस सम्बन्ध में कोई वात निश्चयतः कही भी जावे तो उससे प्रस्तुत ग्रंथ के रचना काल के सम्बन्ध में कुछ नही कहा जा सकता, क्योंकि अभी तक योगीन्द्रदेव के समय का भी निर्णय नही हुआ है। किन्तु सावयधम्म और प्रस्तुत ग्रंथ में जो दोहे मिलते हैं उनके सम्बन्ध में पूर्वोक्त कसौटी काम में लाई जा सकती है।

प्रथम, दोहा नं. ४३ को लीजिये। इसमें पांच इंद्रियों के संयम का और विशेषतः दो अर्थात् जिह्वा और परस्त्री-कामना के नियंत्रण का उपदेश दिया गया है। पांच इन्द्रियों का प्रसंग ऊपर से तो नही आया किन्तु नीचे के दोहों में पाया जाता है। पर जीभ और पराई नार के निवारण का उपदेश तो यहां विलकुल अप्रासंगिक है। प्रथम तो जब यह कह दिया कि जिस बुद्धिमान् का मन अक्षयिनी

रामा में लग गया वह और कहीं कैसे रति कर सकता है, तब फिर नारी के निवारण के उपदेश का मतलब ही क्या रहा? और यदि रहा भी तो 'पराई नार' का विशेषण तो यहां बिलकुल ही अयुक्त है। इस ग्रंथ का उपदेश जोगियों के लिये दिया गया है। ऊपर के ही दोहे में जोगी को सम्बोधन किया है। जोगी सस्त्रीक नहीं हुआ करते, अतएव यदि उनको उपदेश देना था तो 'पराई' विशेषण लगाने की कोई आवश्यकता नहीं थी। स्पष्टतः यह उपदेश गृहस्थ के लिये है। उसे अपनी स्त्री को छोड़ अन्य स्त्रियों से विरक्ति का उपदेश दिया गया है। फिर जीभ-निवारण के उपदेश का तो यहां कोई प्रसंग ही नहीं है। वह बात यहां बिलकुल बेमेल जँचती है। इस प्रकार पूर्वापर प्रसंग पर दृष्टि डालने से यह दोहा प्रस्तुत ग्रंथ में आगन्तुक सिद्ध होता है। उसको यदि हम यहां से हटा दें तो भी प्रसंग में कोई बाधा नहीं पड़ती। अब इसी दोहे का सावयधम्म के २९ नं. पर विचार कीजिये। वहां उससे पूर्व कर्ता ने एक एक इंद्रिय में वशीभूत होने के दोष दिखाये हैं और फिर प्रस्तुत दोहे में उनके सम्बन्ध में सचेत होने का उपदेश दिया है। गृहस्थों को जीभ की लोलुपता और काम की प्रेरणा अधिक हुआ करती है। अतः इन दोनों इन्द्रियों के सम्बन्ध में कवि ने गृहस्थों को विशेष रूप से सचेत रहने का उपदेश दिया है। यहां यह दोहा स्वाभाविक है। उसके यहां से अलग करने में एक कमी का बोध होगा। अतएव मानना पड़ता है कि यह दोहा सावयधम्म का मूल अंग है।

अब दोहा नं. २१५ पर विचार कीजिये। प्रथम तो इस दोहे का पाठ ही यहां शुद्ध नही मिला। इससे अर्थ ही बराबर नही बैठता। किन्तु इतना निश्चित है कि यहां कोई लोगों के यहां भोजन करने का निषेध किया गया है। पर कौन लोगों के यहां इस का कुछ ठीक पता ही नही चलता। पूर्वापर प्रसंग में उसका कुछ अर्थ ही नही बैठता। जिस रूप में वह दोहा है उसमें व्याकरण के दोष भी हैं। यही दोहा सावयधम्म में नं. ३० पर बहुत उपयुक्त और प्रसंगोपयोगी है। ऊपर के ही दोहे में बताया गया है कि मद्यमांस-भोजियों के संसर्ग से श्रद्धान में दोष उत्पन्न होता है। फिर प्रस्तुत दोहे में कहा गया है कि उनके घर में भोजन करना तो रहने ही दो, शिष्ट पुरुषों को उनसे बात भी नही करना चाहिये क्योंकि इससे सम्यक्त्व मलिन होता है। वही प्रसंग आगे के दोहे में चालू है और कहा गया है कि ऐसे गृहस्थों के वर्तन भांडे उपयोग में लाना भी अच्छा नही, इत्यादि। 'अच्छउ' का महावरा सावयधम्मकार की विशेषता है। आगे ३१ वें ही दोहे में वह फिर आया है, फिर १५० वें दोहे में भी आया है। किन्तु प्रस्तुत ग्रंथ में उसका ऐसा उपयोग अन्य कहीं नही है। अतः अनुमान होता है कि यह दोहा भी हमारे ग्रंथ में आगन्तुक है और सावयधम्म का वह मूल, आवश्यक अंग है।

अब हम कुछ दृढतापूर्वक कह सकते हैं कि ये दोहे पाहुडदोहाकार ने सावयधम्मदोहा में से लिये हैं। उपलब्ध

प्रमाणों पर से सावयधम्म को हम विक्रम संवत् ९९० अर्थात् ईस्वी ९३३ के लगभग बना हुआ सिद्ध कर चुके है। अतः अनुमान होता है कि पाहुड दोहा सन् ९३३ और ११०० के बीच में किसी समय अर्थात् सन् १००० ईस्वी के लगभग रचा गया है।

८. देशीभाषा और अपभ्रंश

प्रस्तुत ग्रंथ की भाषा वही है जिसका परिचय सावयधम्म दोहा की भूमिका में दिया जा चुका है। उसके सम्बन्ध में फ्रांस के सुप्रसिद्ध विद्वान् डा. जुले ब्लॉक ने मुझे भेजे हुए अपने एक अनुग्रहपूर्ण पत्र में एक शंका उपस्थित की है। मैंने सावयधम्म की भाषा का परिचय देते हुए कीर्तिलता का एक पद्य उद्धृत किया है जिसके दो अन्तिम चरण हैं:—

देसिल वअना सब जन मिट्ठा।
तँ तैसन जम्पओ अवहट्ठा ॥

मैंने इस पद्य का कोई अनुवाद नहीं दिया किन्तु इस बात को परोक्षरूप से स्वीकार कर लिया था कि यहां 'देसिल वअना' और 'अवहट्ठा' का एक ही भाषा से तात्पर्य है। डा. ब्लॉक को इस समानार्थकता में शंका है*। उन्होंने अपनी शंका का कारण, परोक्ष रूप से, यह प्रगट किया है कि उक्त चरणों के

* 'As regards the identification Desi=Apabhransa, I feel some doubts'. Letter dated 30-11-32.

अज्जु जिणिज्जइ करहुलउ लइ पइं देविणु लक्खु ।
जित्थु चडेविणु परममुणि सव्व गयागय मोक्खु ॥ १११ ॥

करहा चँरि जिणगुणथलिहिं तव विल्लडिय पगाम ।
विसमी भवसंसारगइ उल्लूरियहि ण जाम ॥ ११२ ॥

तव दावणु वय भियमडा समदम कियउ पलाणु ।
संजमघरहं उमाँहियउ गउ करहा णिव्वाणु ॥ ११३ ॥

एक्क ण जाणहि वट्टडिय अवरु ण पुच्छहि कोई ।
अट्ठवियद्दहं डुंगरहं णर भंजंता जोइ ॥ ११४ ॥

वट्ट जु छोडिवि मउलियउ सो तरुवरु अकयत्थु ।
रीणा पहिय ण वीसमिय फलेंहिं ण लायउ हत्थु ॥११५॥

छहदंसणधंधइ पडिय मणहं ण फिट्टियँ भंति ।
एक्कु देउ छह भेउ किउ तेण ण मोक्खंहं जंति ॥ ११६ ॥

अप्पा मिल्लिवि एक्कु पर अण्णु ण वइरिउ कोइ ।
जेंणे विणिम्मिय कम्मडा जइ पर फेडइ सोइ ॥ ११७ ॥

---

१ क. जि णज्झइ. २ क. दिव्वउ. ३ क. मुक्खु. ४ द. चडि. ५ क. वय णिल्लडइ. ६ क. °घर. ७ द. उम्मा°. ८ द. कोवि. ९ क. अकियत्थु. १० क. फलिहिं. ११ क. फिट्टय. १२ क. °हो. १३ द. जेण वि अज्जिय दुक्खडा.

इससे विद्यापतिजी के अनुसार देशी और अपभ्रंश एक ही भाषा ठहरती है। यदि वह भिन्न समझी जावें तो उनका कहना वैसा ही होगा जैसा कोई कहे कि 'दिल्ली शहर देखने लायक है इसलिये मैं उसके पास वाले शहर मथुरा को जा रहा हूं'।

अब हम इस विषय के ऐतिहासिक प्रमाणों पर दृष्टि डालेंगे।

अपभ्रंश शब्द का भाषा के सम्बन्ध में सबसे प्रथम उल्लेख हमें पातञ्जलि के महाभाष्य में मिलता है। वहां उन्होने कहा है 'एकस्यैव शब्दस्य बहवो **अपभ्रंशाः**। तद्यथा गौरित्यस्य गावी, गोणी, गोता, गोपोतालिकेत्येवमादयोऽप**भ्रंशाः**।' प्राकृत भाषा के प्राचीनतम व्याकरणकार चण्ड ने तथा प्राकृत व्याकरण के श्रेष्ठ प्रमाण हेमचन्द्र ने अपने अपने व्याकरणों में उक्त रूपों में से कुछ प्राकृत के सामान्य रूप स्वीकार किये हैं×। इससे ज्ञात हुआ कि पातञ्जलि ने संस्कृत से निकली हुई सभी भाषाओं को अपभ्रंश माना है, तथा जिन भाषाओं को हम आज अर्धमागधी, शौरसेनी, महाराष्ट्री आदि नाम देते हैं, पातञ्जलि के मत से वे सभी अपभ्रंश कही जाना चाहिये।

भरतमुनि ने अपने नाट्यशास्त्र के १७ वें अध्याय में प्राकृत व देशी भाषाओं के सम्बन्ध में बहुत कुछ कहा है। संस्कृत से विकृत हुए रूप को वे प्राकृत कहते हैं और प्राकृत

× चण्ड 'प्राकृत लक्षण' २, १६, 'गो गाविः। हेम. 'प्राकृत व्याकरण २, १७४, 'गोणादयः' गौः, गोणी, गावी, गावः, गावीओ.

भाषा में वे तीन प्रकार के शब्दों का प्रचलित होना स्वीकार करते हैं, समान (तत्सम), विभ्रष्ट (तद्भव) और देशी । वे पुनः कहते हैं कि प्रयोग में भिन्न भिन्न जातिभाषायें आती हैं जो म्लेच्छ शब्दों से युक्त होकर भारतवर्ष में प्रचलित हुई हैं । नाटक में सौरसेनी या इच्छानुसार देशभाषा का उपयोग करना चाहिये । मागधी, आवन्ती, प्राच्या, सूरसेनी, अर्धमागधी, वाल्हीका, और दाक्षिणात्या, ये सात भाषायें प्रसिद्ध हैं । शबर, आभीर, चाण्डाल, सचर, द्रविड, उद्रज, हीन और वनचरों की भाषायें नाटक में विभाषा मानी गई हैं । यथा--

एवं संस्कृतं पाठ्यं मया प्रोक्तं समासतः ॥
प्राकृतस्य तु पाठ्यस्य संप्रवक्ष्यामि लक्षणम् ॥ १ ॥
एतदेव विपर्यस्तं संस्कारगुणवर्जितम् ।
विज्ञेयं प्राकृतं पाठ्यं नानावस्थान्तरात्मकम् ॥ २ ॥
त्रिविधं तच्च विज्ञेयं नाट्ययोगे समासतः ।
समानशब्दं विभ्रष्टं देशीमतमथापि वा ॥ ३ ॥

× × × ×

द्विविधा जातिभाषा च प्रयोगे समुदाहृता ।
म्लेच्छशब्दोपचारा च भारतं वर्षमाश्रितम् ॥ २८ ॥
अथ या जात्यन्तरी भाषा ग्रामारण्यपशूद्भवा ।
नानाविहंगजा चैव नाट्यधर्मी प्रयोगजा ॥ २९ ॥

जातिभाषाश्रयं पाठ्यं द्विविधं समुदाहृतम् ।
प्राकृतं संस्कृतं चैव चातुर्वर्ण्यसमाश्रयम् ॥ ३० ॥

× × × ×

सौरसेनं समाश्रित्य भाषा कार्या तु नाटके ।
अथवा छन्दतः कार्या देशभाषा प्रयोक्तृभिः ॥ ४६ ॥
मागध्यावन्तिजा प्राच्या सूरसेन्यर्धमागधी ।
वाल्हीका दाक्षिणात्या च सप्त भाषाः प्रकीर्तिताः ॥ ४७ ॥
शबराभीरचाण्डालसचरद्रविडोद्रजाः ।
हीना वनेचराणां च विभाषा नाटके स्मृता ॥ ४९ ॥

—अध्याय १७.

यद्यपि इस अध्याय में दिए हुए भाषा सम्बन्धी भेद और प्रभेद कुछ भ्रमोत्पादक हैं, किन्तु मेरी समझ में भरतमुनि का मत यह है कि संस्कृत के अतिरिक्त दो प्रकार की भाषायें हैं, एक प्राकृत जिसमें संस्कृत के विकृत शब्द प्रयोग में आते हैं और इसलिये जिन्हें वे 'विभ्रष्ट' कहते हैं, और दूसरी देशी जिसमें संस्कृत प्राकृत के शब्द भी हैं तथा कुछ म्लेच्छ (अनार्य अर्थात् असंस्कृत) शब्द भी हैं। मुख्य देशी भाषायें (भाषा) मागधी, आवन्ती आदि सात हैं और गौड देशी भाषायें (विभाषा) शबर, आभीर, चाण्डालादि की अनेक हैं। स्मरण रखना चाहिये कि आभीरों की भाषा यहां एक देशी भाषा मानी गई है।

काव्यादर्श के कर्ता दण्डी ने समस्त वाङ्मय के चार भेद किये हैं— संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश और मिश्र। ये चार भेद दण्डी से पूर्व ही माने जा चुके थे×। इन आचार्य ने अपभ्रंश के सम्बन्ध में जो बड़ी महत्वपूर्ण बात कही है वह यह है कि काव्य में तो आभीर आदि जातियों की भाषा ही अपभ्रंश मानी गई है, किन्तु शास्त्र में संस्कृत से अन्य सभी भाषायें अपभ्रंश कही गई हैं। शास्त्र से दण्डी का यहां तात्पर्य संभवतः भाषाशास्त्र अर्थात् व्याकरण से है और जान पड़ता है उन्होंने यह बात पातञ्जलि के उल्लेख को ध्यान में रख कर कही है। दूसरी उपयोगी बात उन्होंने यह कही है कि आभीरादि जातियों की भाषा में भी कविता होती है और यह कविता अपभ्रंश के नाम से प्रसिद्ध है। यथा—

आभीरादिगिरः काव्येष्वपभ्रंशतया स्मृताः।
शास्त्रे तु संस्कृतादन्यदपभ्रंशतयोदितम्॥

इस प्रकार जिसे भरतमुनि ने देशी भाषा या विभाषा कहा है, उसी के काव्य को दण्डी और, उनके सामयिकों ने अपभ्रंश कहा है।

दण्डी के पश्चात् अलंकार शास्त्र के अनेक कर्ताओं, जैसे

× तदेतद्वाङ्मयं भूयः संस्कृतं प्राकृतं तथा।
अपभ्रंशश्च मिश्रं चेत्याहुराप्ताश्चतुर्विधम्॥ १, ३२.

भामह[1]; रुद्रट[2], राजशेखर[3], नमिसाधु[4], वाग्भट ने अपभ्रंश काव्य को संस्कृत और प्राकृत काव्य के साथ साथ स्वीकार किया है तथा कहीं कहीं अपभ्रंश को ही देशी भाषा कहा है। उदाहरणार्थ, रुद्रट भाषा के छह भेद करते हैं 'षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंशः'। इसी पर टीका करते हुए नमि साधु कहते हैं "तथा प्राकृतमेवापभ्रंशः। स चान्यैरुपनागराभीरग्राम्यात्वभेदेन त्रिधोक्तस्तन्निरासार्थमुक्तं भूरिभेद इति। कुतो देशविशेषात्। तस्य च लक्षणं लोकादेव सम्यगवसेयम्"। वाग्भट अपभ्रंश के सम्बन्ध में कहते हैं 'अपभ्रंशस्तु यच्छुद्धं तत्तद्देशेषु भाषितम्'। राजशेखर ने भाषाओं को भिन्न भिन्न प्रदेशों में बांटते हुए कहा है 'सापभ्रंशप्रयोगाः सकलमरुभुवष्टक्कभादानकाश्च' अर्थात् अपभ्रंश का प्रयोग समस्त मरुभूमि, टक्क और भादानक (?) देशों में होता है। इन्हीं टक्क और मरुभूमि की भाषाओं को राजशेखर के प्रायः समसामयिक, विलासवती कथा के कर्ता ने अठारह देशी भाषाओं के अन्तर्गत बताया है[6]। विष्णुधर्मोत्तर के कर्ता ने स्पष्ट रूप से अपभ्रंश को देशभेद के अनुसार पृथक् पृथक् कहा है[7]।

---

१ काव्यालंकार १,१६.
२ काव्यालंकार २,११–१२;
३ काव्यमीमांसा पृ. ६, ४८–५४.
४ काव्यालंकार वृत्ति २,११.
५ वाग्भटालंकार २,१–३.
६ देखो अपभ्रंश काव्यत्रयी, बडोदा संस्कृत सीरीज ३७, भूमिका पृ. ९२–९३.
७ उपर्युक्त, भूमिका पृ. ९६.

उपर्युक्त समस्त उल्लेखों का सार यही है कि अपभ्रंश को ही देशभाषा और देशभाषा को अपभ्रंश नाम से साहित्याचार्य समझते और कहते आये हैं।

चंड, हेमचंद्र आदि प्राकृत के वैयाकरणों ने इस भाषा को अपभ्रंश ही कहा है और उसे अर्धमागधी, शौरसेनी व महाराष्ट्री के समान प्राकृत का एक अंग माना है। व्याकरण में उन्होंने संस्कृत के शब्दों में जो विकार होकर इस भाषा के शब्द बनते हैं, उनके नियम तथा कारकरूपों, क्रियारूपों, धातु–आदेशों व अन्य शब्द-रचना के नियम दिये हैं। इन नियमों, तथा उनपर दिये हुए उदाहरणों, से सिद्ध है कि हमारे प्रस्तुत ग्रंथ तथा उसी समान पुष्पदन्तादि के ग्रंथों की भाषा वही अपभ्रंश है। जैसा हम ऊपर बता आये हैं, हमारे प्रस्तुत ग्रंथ के ही चार दोहे हेमचन्द्र के उदाहरणों में पाये जाते हैं।

हेमचन्द्र ने एक कोश भी रचा है जो 'देशीनाममाला' के नाम से प्रसिद्ध है, किन्तु जिसका नाम मूल ग्रंथ में देशी-शब्द-संग्रह पाया जाता है*। इस ग्रंथ में कर्ता ने कोई चार हजार देशी शब्दों के अर्थ दिये हैं। देशी से कर्ता का क्या तात्पर्य है यह उन्होंने आदि में ही दो गाथाओं द्वारा स्पष्ट कर दिया है कि—

---

* देशी नाममाला, कलकत्ता यूनीवर्सिटी १९३१, भूमिका पृ. ३९.

जे लक्खणे ण सिद्धा ण पसिद्धा सक्कयाहिहाणेसु ।
ण य गउणलक्खणासत्तिसंभवा ते इह णिबद्धा ॥
देसविसेसपसिद्धीइ भण्णमाणा अणंतया हुंति ।
तम्हा अणाइ-पाइय-पयट्ट-भासा-विसेसओ देसी ॥

अर्थात् "मैने इस कोश में उन्हीं शब्दों को एकत्र किया है जो 'लक्षण' में सिद्ध नही होते, न संस्कृताभिधानकोशों में प्रसिद्ध हैं, और न गौडी लक्षणा की शक्ति से सिद्ध होते हैं । खास खास देशों में बोली जाने वाली भाषायें अनन्त हैं, इसालिये यहां देशी शब्द का तात्पर्य उस विशेष भाषा से है जो अनादि काल से चली आई हुई प्राकृत से उत्पन्न हुई है ।"

'लक्षण' शब्द की टीका में कहा गया है—"लक्षणे शब्द-शास्त्रे सिद्धहेमचन्द्रनाम्नि ये न सिद्धाः प्रकृतिप्रत्ययादिविभागेन न निष्पन्नास्तेऽत्र निबद्धाः । ये तु वज्जर-पज्जर-उप्फाल-पिसुण-संघ-बोल्ल चव-जंप-सीस-साहादयः कथ्यादीनामादेशत्वेन साधिताः तेऽन्यैर्देशीयेषु परिगृहीता अप्यस्माभिर्न निबद्धाः ।" इस नियम को कर्ता ने सर्वत्र निवाहने का प्रयत्न किया है । इस कोश की टीका में जगह जगह ऐसे स्थल मिलते हैं, जहां कर्ता ने कहा है कि अमुक शब्द अन्य कोशकारों ने अपने देशी कोश में लिया है किन्तु वह हमारे व्याकरण के अमुक सूत्र से सिद्ध होता है इससे हमने उसे यहां नही दिया । ये उल्लेख प्रायः उनकी प्राकृत व्याकरण के चौथे पाद के ही हैं जिस पाद में ही उन्होने अपभ्रंश भाषा का निरूपण

किया है। ऊपर उद्धृत टीका में जो वजर-पजर आदि सूत्र का उल्लेख है वह भी चैथे पाद का दूसरा सूत्र है। यह सूत्र सभी प्राकृतों को लागू है।

इस कोश की उक्त विशेषताओं पर से यह प्रमाणित होता है कि हेमचन्द्र ने उसे अपने प्राकृत व्याकरण का सहकारी ग्रंथ बनाया है। जो संज्ञायें या अन्य शब्द उनके व्याकरण के नियमों द्वारा सिद्ध होते हैं उन्हे वे प्राकृत कहते हैं और उनके कारक व क्रिया के रूपों की विशपतानुसार वे उन्हे, शौरसेनी, महाराष्ट्री व अपभ्रंश आदि नाम देते हैं; तथा जो संज्ञायें उक्त भाषाओं में प्रचलित हैं किन्तु उनके व्याकरण से सिद्ध नहीं होतीं उन्हे वे 'देशी' कहते हैं और उनके अर्थ उक्त कोश में दिये गये हैं। इस तरह उन्होने 'अपभ्रंश' का प्रायः उसी अर्थ में उपयोग किया है जिस अर्थ में कि पातञ्जलि ने किया है। वे संस्कृत से विकृत रूपों की दृष्टि से एक भाषा को 'अपभ्रंश' कहते हैं और उसी भाषा को उसमें प्रचलित संस्कृत से अव्युत्पन्न शब्दों, भरतमुनि के अनुसार 'म्लेच्छ शब्दों, की दृष्टि से 'देशी' कहते हैं।

अब हमें यह भी देख लेना चाहिये कि जो ग्रंथ हमें मिले हैं, और जिन्हे हमने अपभ्रंश भाषा में रचित मान लिया है, उनके कर्ताओं ने स्वयं उन्हे किस भाषा का कहा है। यद्यपि इस सम्बन्ध के उल्लेख कम मिलते हैं तथापि जो कुछ दो चार मिल सकते हैं उनसे हमें ग्रंथकर्ताओं का अभिप्राय ज्ञात हो जावेगा।

हमें जो इस भाषा का साहित्य अबतक मिला है उसमें स्वयंभू कवि के पउमचरिउ और हरिवंशपुराण सबसे प्राचीन सिद्ध होते हैं। पउमचरिउ के प्रारम्भ में कवि ने राम की कथा के सम्बन्ध में कहा है—

वद्धमाण-मुह-कुहर-विणिग्गय
रामकहा-णइ एह कमागय।
दीह-समास-पवाहालंकिय
सक्कय-पायय-पुलिणालंकिय।
देसीभासा—उभयतडुज्जल
कविदुक्कर घणसद्दसिलायल।
अत्थबहल कल्लोलाणिट्ठिय
आसामय-समऊह-परिट्ठिय।
एह रामकइ-सरि सोहंती
गणहरदेवहं दिट्ठ वहंती॥

यद्यपि यहां स्पष्ट यह नहीं कहा गया कि प्रस्तुत ग्रंथ को कवि ने कौन सी भाषा में रचा है किन्तु मेरे मत से 'देशी भाषा' से कवि का अपने ग्रंथ की भाषा से अभिप्राय है। रविषेणकृत संस्कृत 'पद्मचरित' और विमलसूरिकृत प्राकृत 'पउमचरिउ' कवि से पूर्व बन चुके थे, इसलिये उन्हे कवि ने रामकथा रूपी नदी के बीच दृश्यमान पुलिन कहा है। स्वयंभू से पूर्व 'देसी भासा' में बने हुए किसी रामकथा सम्बन्धी ग्रंथ का, विशेषतः जैनसाहित्य

में, हमें अबतक पता नही है। इसलिये मेरा अनुमान है कि कवि अपने काव्य को ही देसी भासा में रचित निर्दिष्ट करते हैं। यह ग्रंथ प्रारम्भ ही हुआ है,प्रवाह में नही पहुंचा, इसी से कदाचित् उसे रामकथासरित् का तट ही कहा है।

पद्मदेवकृत 'पासणाहचरिउ' दशवीं शताब्दि का बना हुआ है। उसके आदि में कवि कहते हैं—

वायरणु देसिसद्दत्थगाढ
छंदालंकारविसाल पोढ।
ससमय-परसमय-वियारसहिय
अवसद्दवाय दूरेण रहिय ॥
जइ एवमाइ-वहुलक्खणेहिं
इह विरइय कव्व वियक्खणेहिं।
ता इयरकईयणसंकिएहिं
पयडिव्वउ किं अप्पउ ण तेहिं ॥

यह उल्लेख एक दृष्टि से कुछ स्पष्ट है। कवि कहते है कि यद्यपि व्याकरण और देशीशब्द व अर्थ से गाढ, आदि लक्षणों युक्त काव्य दूसरे कवियों ने बनाये हैं, तो क्या उनकी शंका से दूसरे कोई अपने भाव प्रगट न करें! कवि का तात्पर्य है कि देशी शब्दों में अनेक काव्य उच्चकोटि के बन चुके हैं तथापि मैं भी देशी शब्दों में एक काव्य बनाने का साहस करता हूं। इस प्रकार पद्मदेव भी अपने काव्य की भाषा को देशी कहते हैं।

उक्त ग्रंथों से कुछ पीछे के एक ग्रंथ 'लखमएव (लक्ष्मण देव) कृत 'णेमिणाह चरिउ' की पूर्व पीठिका में इस प्रकार कहा गया है—

ण समाणमि छंदु न बंधभेउ
णउ हीणाहिउ मत्तासमेउ।
णउ सक्कउ पायउ देस-भास
णउ सद्दु वण्णु जाणमि समास। इत्यादि

यहां भी हमारा मत है कि कवि का देसभाषा से अपने ग्रंथ की भाषा से ही तात्पर्य है।

इस सम्बन्ध में सबसे स्पष्ट उल्लेख पादलिप्त कृत तरङ्गवती कथा में पाया जाता है+। यथा—

पालित्तएण रइया वित्थरओ तह य देसिवयणेहिं
नामेण तरंगवई कहा विचित्ता य विउला य॥

यहां स्पष्ट कहा गया है कि पादलिप्त ने तरङ्गवती कथा की रचना देसीवचनों में की।

पूर्वोक्त अवतरण इस बात को सिद्ध करने के लिये पर्याप्त हैं कि व्याकरणाचार्य जिस भाषा को अपभ्रंश कहते हैं उसी भाषा को उसमें रचना करने वाले कवि देशी भाषा कहते थे। वह भाषा हेमचन्द्र द्वारा स्वीकृत देशी भाषा के लक्षणों से युक्त भी है,

+ डा. जैकोबी, सनत्कुमार चरित, भूमिका, पृ. १८.

अर्थात् वह अनादिकालागत प्राकृत का एक रूप है, तथा उसमें व्याकरण के नियमों से अव्युत्पन्न भी शब्द पाये जाते हैं।

यह बात विचारणीय है कि इस भाषा में रचना करने वाले कवियों ने अपनी भाषा को अपभ्रंश का नाम कहीं नहीं दिया। अपभ्रंश शब्द का, भाषा के सम्बन्ध में, एक भी उल्लेख इस भाषा के काव्यों में अभीतक मेरे देखने में नहीं आया। ऊपर दिये हुए अवतरणों के अतिरिक्त और अनेक उल्लेख मेरे पास संकलित हैं जिनमें कवियों ने कहीं अपने काव्य को 'पद्धडिया बंध' कहा है और कहीं 'प्राकृत रचना'। मेरा मत है कि भाषा के सम्बंध में इस अपभ्रंश शब्द से उक्त भाषा के लेखकों को अरुचि थी। उस शब्द में भाषा की हीनता और बुराई का भाव अंकित है और इसलिये उस भाषा के प्रेमियों को उससे असहयोग करना स्वाभाविक था। यथार्थतः यह शब्द पातञ्जलि आदि संस्कृत व्याकरण के महारथियों ने घृणा कि दृष्टि से ही दिया था, क्योंकि वे उसे संस्कृत का विकाश नहीं विकार समझते थे। प्राकृत वैयाकरणों ने उस शब्द को यों स्वीकार कर लिया कि उन्हें वह उस भाषा का लक्षण-द्योतक जंचा, और संस्कृत से विकार रूप में उस भाषा का स्वरूप समझाने में उन्हें सुविधा होगई। मेरा मत है कि इसी सुविधा के विचार से हेमचन्द्र जैसे वैयाकरण ने भी प्राकृत की 'प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं तत आगतं वा प्राकृतम्' ऐसी अयुक्तिसंगत व्युत्पत्ति दे डाली है।

पाहुड-दोहा

पाहुड-दोहा

गुरु दिणंयरु गुरु हिमकरणु गुरु दीवउ गुरु देउ ।
अप्पांपरहं परंपरहं जो दरिसावइ भेउ ॥ १ ॥

अप्पायत्तउ जं जि सुहु तेण जि करि संतोसु ।
परसुहुं वढ चिंतंतहं हियइ ण फिट्टइ सोसु ॥ २ ॥

जं सुहु विसयपरंमुहउ णिय अप्पा झायंतु ।
तं सुहु इंदु वि णउं लहइ देविहिं कोडि रमंतु ॥ ३ ॥

आभुंजंता विसयसुहं जे ण वि हियइ धरंति ।
ते सासयसुहु लहु लहहिं जिणवरं एम भणंति ॥ ४ ॥

ण वि भुंजंता विसय सुह हियडइ भाउ धरंति ।
सालिसित्थु जिम वंप्पुडउ णर णरयहं णिवडंति ॥ ५ ॥

---

१ क. दिणियरु. २ क. अप्पहं परहं. ३ द. °सुह. ४ द. ण वि. ५ क. °सुहु. ६ क, द. जिणवरु. ७ क. वापुडो.

हिन्दी अनुवाद

१ जो आत्म और पर की परम्परा का भेद दर्शाता है वह दिनकर (सूर्य) गुरु है, हिमकिरण (चन्द्र) गुरु है, दीप गुरु है और देव भी गुरु है।

२ जो सुख अपने अधीन हो उसी से सन्तोष कर। दूसरों के सुख की चिन्ता (अभिलाषा) करने वालों के हृदय का सोच, हे मूर्ख, कभी नही मिटता।

३ जो सुख विषयों से पराङ्मुख होकर अपनी आत्मा के ध्यान में मिलता है वह सुख करोड़ों देवियों के साथ (या देवियों की कोटि में) रमण करने वाला इन्द्र भी नही पाता।

४ विषयसुखों का पूरा उपभोग करते हुए भी जो हृदय में उनकी धारणा नही करते वे शीघ्र शाश्वत सुख का लाभ उठाते हैं, ऐसा जिनवरों ने कहा है।

५ विषयसुखों का उपभोग न करते हुए भी जो हृदय में उनका भाव रखते हैं वे नर बेचारे शालिसिक्थ के समान नरकों में पड़ते हैं। (शालिसिक्थ की कथा के लिये देखो टिप्पणी)।

ओयइं अडवड वडवडइ पर रंजिज्जइ लोउ ।
मणसुद्धइं णिच्चलठियँइं पाविज्जइ परलोउ ॥ ६ ॥

धंधइं पडियउ सयलु जगु कम्मइं करइ अयाणु ।
मोक्खहं कारणु एक्कु खणु ण वि चिंतइ अप्पाणु ॥ ७ ॥

जोणिहिं लक्खहिं परिभमइ अप्पा दुक्खु सहंतु ।
पुत्तकलत्तंइं मोहियउ जाम ण बोहि लहंतु ॥ ८ ॥

अण्णु म जाणहि अप्पणउ घरु परियणु तणु इट्ठु ।
कम्मायत्तउ कारिमउ आगमि जोइहिं सिट्ठु ॥ ९ ॥

जं दुक्खु वि तं सुक्खु किउ जं सुहु तं पि य दुक्खु ।
पइं जिय मोहहिं वसि गयंइं तेण ण पायउ मुक्खु ॥ १० ॥

मोक्खु ण पावहि जीव तुहुं धणु परियणु चिंतंतु ।
तो इ विचिंतहि तउ जि तउ पावहि सुक्खु महंतु ॥ ११ ॥

घरवासउ मा जाणि जिय दुक्कियवासउ एहु ।
पासु कयंते मंडियउ अविचलु ण वि संदेहु ॥ १२ ॥

---

१ क. में दोहा ६ और ७ का क्रम इससे विपरीत है।
२ द. °ट्ठियहं. ३. क. कारणि. ४ क. °कलत्तहं. ५ क. अपु. ६ क. जो. ७ क. सिट्ठ. ८ द. गयउ. ९ क. पावइ. १० क. चि. ११ क. मोक्खु.

६ आपत्ति में अटपट बडबडाता है पर इससे लोक का मनोरंजन (विनोद) मात्र होता है। मन के शुद्ध और निश्चल होने पर परलोक प्राप्त होता है।

७ धंधे में पडा हुआ सकल जग, अज्ञानवश, कर्म करता है किन्तु मोक्ष के कारण अपनी आत्मा का एक क्षण भी चिन्तन नही करता।

८ यह आत्मा जब तक बोध नही पाता तब तक पुत्रकलत्र में मोहित होकर, दुःख सहता हुआ, लाखों योनियों में भ्रमण करता है।

९ घर, परिजन, तन व इष्ट सब अन्य हैं, इन्हे अपने मत जान। यह कर्म के अधीन कर्मजाल है, ऐसा योगियों ने आगम में बताया है।

१० हे जीव! मोह के वश में पड़कर तूने जो दुख है उसे सुख कर के माना है, और जो सुख है उसे दुख। इस से तूने मोक्ष नही पाया।

११ धन और परिजन का चिन्तन करने से, हे जीव! तूं मोक्ष नही पा सकता। तो भी तूं उसी उसी के चिन्तन करने में सुख मानता है।

१२ हे जीव ! इसे गृह-वास मत समझ, यह दुष्कृतवास (पापवास) है। यह यम द्वारा मांडा (फैलाया) हुआ अविचल फंदा है, इसमें सन्देह नहीं।

मूढा सयलु वि कारिमउ मं फुडु तुहुं तुसं कंडि ।
सिवपइं णिम्मलि करहि रइ घरु परियणु लहु छंडि ॥ १३ ॥

मोहु विलिज्जइ मणु मरइ तुट्टइ सासु णिसासु ।
केवलणाणु वि परिणवइ अंबरि जाह णिवासु ॥ १४ ॥

सप्पिं मुक्की कंचुलिय जं विसु तं ण मुएइ ।
भोयंहं भाउ ण परिहरइ लिंगग्गहणु करेई ॥ १५ ॥

जो मुणि छंडिवि विसयसुह पुणु अहिलासु करेइ ।
लुंचणु सोसणु सो सहइ पुणु संसारु भमेइ ॥ १६ ॥

विसयसुहा दुइ दिवहडा पुणु दुक्खहं परिवाडि ।
भुल्लउ जीव म वाहि तुहुं अप्पाखंधि कुहाडि ॥ १७

उव्वलि चोप्पडि चिट्ठ करि देहिं सुमिट्ठाहार ।
सयल वि देह णिरत्थ गय जिहं दुज्जणउवयार ॥ १८ ॥

अथिरेण थिरा मइलेण णिम्मला णिग्गुणेण गुणसारा ।
काएण जा विढप्पइ सा किरिया किण्ण कायव्वा ॥ १९ ॥

---

१ क. तुसखंडि. २ क. °पहि. ३ द. मुवेइ. ४ क. भोयहिं. ५ क. लिंगग्गहणु. ६ द. थवेइ. ७ क. विसइ सुहइं. ८ क. °खंधि. ९ द. देह. १० क. जह.

१३ हे मूढ! यह समस्त कर्म जाल है तूँ प्रकट भुस को मत कूट। घर, परिजन को शीघ्र छोड़कर निर्मल शिव-पद में प्रीति कर।

१४ जिनका वस्त्र अम्बर है (अर्थात् जो दिगम्बर हैं, या जिनका निवास आकाश में है, अर्थात् जो मुक्त हैं) उनका मोह विलीन हो जाता है, मन मर जाता है, श्वास निश्वास छूट जाता है और केवलज्ञान प्रकट हो जाता है।

१५ सर्प कांचुली तो छोड़ देता है किन्तु जो विष है उसे नही छोड़ता। (इसी प्रकार द्रव्यलिङ्गी मुनि) वेष धारण कर लेता है परंतु भोगों के भाव का परिहार नहीं करता।

१६ जो मुनि विषयसुखों को छोड़कर पुनः उनकी अभिलाषा करता है वह (केश-) लौंच और (शरीर-) शोषण का क्लेश सह कर फिर भी संसार में भ्रमण करता है।

१७ विषय-सुख दो दिन के हैं, फिर वही दुखों की परिपाटी है। भूलकर, हे जीव, तूं अपने कंधे पर कुल्हाड़ी मत मार।

१८ उपटन और तैलमर्दन की चेष्टा कर और सुमिष्ट आहार दे, तो भी दुर्जन के प्रति किये हुए उपकारों के समान समस्त देह निरर्थ जानेवाली है।

१९ अस्थिर, मैले और निर्गुण काय से जो स्थिर, निर्मल और गुणसार क्रिया वढ सकती है वह क्रिया क्यों न की जाय? (अर्थात् इस विनाशी, मलिन और निर्गुण शरीर को स्थिर, निर्मल और गुणयुक्त आत्मा के ध्यान में लगाना चाहिये)।

वरु विसु विसहरु वरु जलणु वरु सेविउ वणवासु ।
णउ जिणधम्मपरम्मुहउ मित्थतिय सहु वासु ॥ २० ॥

उम्मूलिवि ते मूलगुण उत्तरगुणहिं विलग्ग ।
वण्णर जेम पलंबचुय बहुय पडेविणु भग्ग ॥ २१ ॥

अप्पा बुज्झिउँ णिच्चु जइ केवलणाणसहाउ ।
ता पर किज्जइ कांइं वढ तणु उप्परि अणुराउ ॥ २२ ॥

सो[6] णत्थि इह पएसो चउरासीलक्खजोणिमज्झम्मि ।
जिणवयणं अलहंतो जत्थ ण डुरुंडुल्लिओ जीवो ॥ २३ ॥

जसु मणि णाणु ण विप्फुरइ कम्महं हेउ करंतु ।
सो मुणि पावइ सुक्खु ण वि सयलइं सत्थ मुणंतु ॥ २४ ॥

बोहिविवज्जिउ जीव तुहुं विवरिउ तच्चु मुणेहि ।
कम्मविणिम्मिय भावडा ते अप्पाणं भणेहि ॥ २५ ॥

हउं गोरउ हउं सामलउ हउं मि[10] विभिण्णउ वण्णि[12] ।
हउं तणुअंगउ थूलु हउं एहउ जीव म मण्णि ॥ २६ ॥

---

१ क. में दोहा २० और २१ का क्रम इससे विपरीत है। २ क. जालजलणु. ३ क. में दोहा २२ और २३ का क्रम इससे विपरीत है। ४ क. बुज्झहि. ५ द. पत्थु. ६ द. में इससे पूर्व 'गाथा' है. ७ क. डुरु°. ८ क. अप्पणा. ९ क. सावलउ. १० द. जि. ११ क. विभिन्नइ. १२ द. °वण्णु.

२० विष व विषधर (सर्प) बहतर हैं, अग्नि बहतर है, वनवास का सेवन बहतर है: किन्तु जिनधर्म से पराङ्-मुख मिथ्यातियों के साथ निवास अच्छा नहीं।

२१ जो मूल गुणों को उन्मूल कर उत्तर गुणों में संलग्न होते हैं वे डाल के चूके वानरों के समान बहुत नीचे गिरकर भग्न होते हैं।

२२ यदि आत्मा को नित्य और केवलज्ञान-स्वभाव जान लिया, तो फिर, हे मूर्ख! इस शरीर के ऊपर क्यों अनुराग करता है?

२३ यहां चौरासी लाख योनियों के मध्य ऐसा कोई प्रदेश नहीं, जहां, जिनवचन को न पाकर, यह जीव भ्रमण न कर चुका हो।

२४ जिसके मन में ज्ञान विस्फुरित नहीं हुआ वह मुनि सकल शास्त्रों को जानते हुए भी, कर्मों के हेतु को करता हुआ, सुख नहीं पाता।

२५ बोध से विवर्जित, हे जीव! तूं तत्व को विपरीत मानता है। जो भाव कर्मों द्वारा निर्माण हुए हैं उन्हे आत्मा के भाव कहता है। (अर्थात् यह अज्ञान का ही कारण है कि जीव पर को आत्म समझता है)।

२६ मैं गोरा हूं, मैं साँवला हूं, मैं विभिन्न वर्ण का हूं, मैं दुर्बलाङ्ग हूं, मैं स्थूल हूं; हे जीव! ऐसा मत मान।

ण वि तुहुं पंडिउ मुक्खु ण वि ण वि ईसरु ण वि णीरु ।
ण वि गुरु कोइ वि सीसु ण वि सव्वेइं कम्मविसेसु ॥ २७ ॥

ण वि तुहुं कारणु कज्जु ण वि ण वि सामिउ ण वि भिच्चु ।
सूरउ कायरु जीव ण वि ण वि उत्तमु ण वि णिच्चु ॥ २८॥

पुण्णु वि पाउ वि कालु णहु धम्मु अहम्मु ण काउ ।
एक्कु वि जीव ण होहि तुहुं मिल्लिवि[3] चेयणभाउ ॥ २९ ॥

ण वि गोरउ ण वि सामलउ ण वि तुहुं एक्कु वि वण्णु ।
ण वि तणुअंगउ थूलु ण वि एहउ जाणि सवण्णु ॥ ३० ॥

हउं वरु बंभणु ण वि वइसु णउ खत्तिउ णं वि सेसु ।
पुरिसु णउंसउ इत्थि ण वि एहउ जाणि विसेसु ॥ ३१ ॥

तरुणउ बूढउ बालु हउं सूरउ पंडिउ दिव्वु ।
खवणउ वंदउ सेवडउ एहउ चिंति म सव्वु ॥ ३२ ॥

देहहो पिक्खिवि जरमरणु मा भउ जीव करेहि ।
जो अजरामरु बंभु परु सो अप्पाणं मुणेहि ॥ ३३ ॥

---

१ क. सव्वु इ. २ क. नहि. ३ क. मिल्लिअ. ४ क. सामलउ. ५ क. णउ. ६ क. सेउडउ. ७ द. बंभपरु. ८ क. अप्पणा.

२७ न तो तूँ पंडित है न मूर्ख, न ईश्वर है न अनीश, न गुरु है और न कोई शिष्य। सब में कर्म की विशेषता है। (अर्थात् आत्मा सब जीवों का एक रूप है, केवल अपने अपने कर्मानुसार सब जीव भिन्न भिन्न परिस्थिति में दिखाई देते हैं)।

२८ न तो तूँ कारण है न कार्य, न स्वामी है न भृत्य, न सूर है न कायर। हे जीव! न तूँ उत्तम है न नीच।

२९. न पुण्य, न पाप, न काल, न नभ, न धर्म, न अधर्म और न काय। हे जीव तूँ, चेतन भाव को छोडकर, इनमें से कोई एक भी नही है। (अर्थात् आत्मा चैतन्य स्वभाव वाला है। पुण्य पाप इत्यादि जो जड भाव हैं उन से वह सर्वथा भिन्न है)।

३० न तूँ गोरा है न साँवला, न एक भी वर्ण का है। न तूँ दुर्बलाङ्ग है, न स्थूल। अपने स्वरूप को ऐसा जान। (अर्थात् वर्ण और दुर्बलता व मोटापन आदि गुण जड शरीर के हैं, चिदानन्द आत्मा के नही)।

३१ न मैं श्रेष्ठ ब्राह्मण हूं, न वैश्य हूं, न क्षत्रिय हूं, न शेष (शूद्र) हूं, और न पुरुष, नपुंसक या स्त्री हूं। ऐसा विशेष जान। (अर्थात् शुद्ध आत्मा में वर्णभेद और लिङ्गभेद नही हैं)।

३२ मैं तरुण हूं, बूढा हूं, बाल हूं, सूर हूं, दिव्य पंडित हूं या क्षपणक (दिगम्बर), वंदक (मंदिरमार्गी?) या श्वेताम्बर हूं। इस सब की चिंता मत कर।

३३ हे जीव! देह का जरा-मरण देखकर भय मत खा। जो अजरामर, परम ब्रह्म है उसे ही अपना मान।

देहहि उब्भउ जरमरणु देहहि वण्ण विचित्त ।
देहहो रोया जाणि तुहुं देहहि लिंगइं मित्त ॥ ३४ ॥

अत्थि ण उब्भउ जरमरणु रोय वि लिंगइं वण्ण ।
णिच्छेइ अप्पा जाणि तुहुं जीवहो एक्कु वि सण्ण ॥ ३५ ॥

कम्महं केरउ भावडउ जइ अप्पाणं भणेहि ।
तो वि ण पावहि परमपउ पुणु संसारु भमेहि ॥ ३६ ॥

अप्पा मिल्लिवि णाणमउ अवरु परायउ भाउ ।
सो छंडेविणु जीव तुहुं झायहि सुद्धसहाउ ॥ ३७ ॥

वण्णविहूणउ णाणमउ जो भावइ सब्भाउ ।
संतु णिरंजणु सो जि सिउ तहिं किज्जइ अणुराउ ॥ ३८ ॥

तिहुयणि दीसइ देउ जिणु जिणवरि तिहुवणु एउ ।
जिणवरि दीसइ सयलु जगु को वि ण किज्जइ भेउ ॥ ३९ ॥

बुज्झहु बुज्झहु जिणु भणइ को बुज्झउं हलि अण्णु ।
अप्पा देहहं णाणमउ छुडु बुज्झियउ विभिण्णु ॥ ४० ॥

---

१ क. निच्छवि अप्पु वियाणि तुहुं. २ क. निक्क. ३ क. अप्पाणा. ४ क. झायहि. ५ क. तिहुवणु. ६ क. बुज्झइ. ७ क. देहँ.

३४ जरा और मरण दोनों देह के हैं, और देह ही के विचित्र वर्ण हैं। हे मित्र! देह ही के रोग और देह ही के लिंग जानो।

३५ न तो दोनों जरा मरण हैं, न रोग, लिंग व वर्ण हैं। हे आत्मन्! यह तूँ निश्चय से जान कि जीव के इन में से एक भी नहीं है।

३६ कर्मों के भाव को ही यदि तूँ आत्मा कहता है तो फिर तूँ परम पद को नहीं पा सकता, अभी और भी संसार का भ्रमण करेगा।

३७ ज्ञानमय आत्मा के अतिरिक्त और भाव पराया है। उसे छोड़कर, हे जीव! तूँ शुद्ध स्वभाव का ध्यान कर।

३८ जो वर्णविहीन है, ज्ञानमय है, सद्भाव को भाता है, जो संत और निरंजन है, वही शिव है। उसी में अनुराग करना चाहिये।

३९ त्रिभुवन में जिन देव दिखता है और जिनवर में यह त्रिभुवन। जिनवर में सकल जगत् दृष्टिगोचर होता है। इनमें कोई भेद न करना चाहिये।

४० जिन कहते हैं जानो! जानो! किन्तु यदि ज्ञानमय आत्मा को देह से विभिन्न जान लिया तो, भला, और अन्य क्या जानने को रहा?

वंदहु वंदहु जिणु भणइ को वंदउ हलि इत्थु ।
णियदेहाहं वसंतयहं जइ जाणिउ परमत्थु ॥ ४१ ॥

उपलाणहिं जोइय करहुलउ दावेणु छोडहि जिम चरइ ।
जसु अखइणि रामइं गयउ मणु सो किम बुहु जगि रइ करइ॥४२॥

ढिल्लउ होहि म इंदियहं पंचहं विण्णि णिवारि ।
एक्क णिवारहि जीहडिय अण्ण पराइय णारि ॥ ४३ ॥

पंच वलद्द ण रक्खियइं णंदणवणु ण गओ सि ।
अप्पु ण जाणिउ णं वि परु वि एमइं पव्वइओ सि ॥ ४४ ॥

पंचहिं बाहिरु णेहडउ हलि सहि लग्गु पियस्स ।
तासु ण दीसइ आगमणु जो खलु मिलिउ परस्स ॥ ४५ ॥

मणु जाणइ उवएसडउ जहिं सोवेइ अचिंतु ।
अचित्तहो चित्तु जो मेलवइ सो पुणु होइ णिचिंतु ॥ ४६ ॥

वट्टडिया अणुलग्गयहं अग्गउ जोयंताहं ।
कंटउ भग्गइ पाउ जइ भज्जउ दोसु ण ताहं ॥ ४७ ॥

---

१ क. दाम्वणु. २ क. पंचइं बंधि णिसारि. ३ क. एक्क. ४ क. न वि वि परु. ५ क. एस्वइ. ६ क. पंचेहे. ७ द. मेहडउ. ८ द. पयस्स ९ द. जासु. १० क. जहिं सोवइ अच्चिंतु. ११ द. जि. १२ द. भज्जउ पाइ. १३ द. कु.

४१ जिन कहते हैं वन्दना करो! वन्दना करो! किन्तु यदि अपने देह में वसने वाले का परमार्थ जान लिया तो, भला, यहां किस की वन्दना करना शेष रहा?

४२ जिस प्रकार कमलों को देखकर गजकुमार अपने वन्धन को छुड़ाकर विचरण करने लगते हैं, तैसे ही जिसका मनं अक्षयिनी रामा (मुक्ति--स्त्री) पर गया वह विद्वान् जगत् में कैसे रति कर सकता है?

४३ इन्द्रियों के सम्वन्ध में ढीला मत हो। पांच में से दो का निवारण कर। एक जीभ को रोक और दूसरी पराई नार।

४४ तूने न तो पांच वैलों को रखाया और न नन्दन वन में प्रवेश किया। न अपने को जाना और न पर को। यों ही परिव्राजक वन गया है। (यहां पांच वैलों से पांच इंन्द्रियों तथा नन्दन वन से आत्मा का तात्पर्य है।)

४५ हे सखि! प्रियतम को वाहिर पांच का नेह लगा हुआ है। जो खल दूसरे से मिला हुआ है उसका आगमन भी नहीं दिखता। (अर्थात् जव तक इन्द्रियों में मोह फंसा हुआ है तव तक आत्मानन्द का अनुभव नहीं हो सकता।)

४६ जव मन निश्चिन्त सो जाता है तभी वह उपदेश को समझता है। और निश्चिन्त वही होता है जो आचित् से चित्त को अलग कर लेता है।

४७ जो मार्ग पर लगे हुए हैं, और आगे देख कर चलते हैं, उनके पैर में यदि कांटा लग जाय तो लग जावे। इसमें उनका दोष नहीं।

मिल्लहु मिल्लहु मोक्कलउ जहिं भावइ तहिं जाउ ।
सिद्धिमहापुरि पइसरउ मा करि हरिसु विसाउ ॥ ४८ ॥

मणु मिलियउ परमेसरहो परमेसरु जि मणस्स ।
बिण्णि वि समरसि हुइ रहिय पुज्ज चडावउं कस्स ॥ ४९ ॥

आराहिज्जइ देउं परमेसरु कहिं गयउ ।
वीसारिज्जइ काइं तासु जो सिउ सव्वंगउ ॥ ५० ॥

अम्मिए जो परु सो जि परु परु अप्पाणं ण होइ ।
हउं डज्झउ सो उव्वरइ वलिवि ण जोवइ तो इँ ॥ ५१ ॥

मूढा सयलु वि कारिमउ णिक्कारिमउ ण कोइ ।
जीवहु जंतं ण कुडि गइय इउं पडिछंदा जोइ ॥ ५२ ॥

देहादेवलि जो वसइ सत्तिहिं सहियउ देउ ।
को तहिं जोइय सत्तिसिउ सिग्घु गवेसहि भेउ ॥ ५३ ॥

जरइ ण मरइ ण संभवइ जो परि को वि अणंतु ।
तिहुवणसामिउ णाणमउ सो सिवदेउ णिभंतु ॥ ५४ ॥

---

१ क. परमेसरहं. २ द. काइं दिउ. ३ क. जि. ४ क. अप्पणा. ५ क. तो वि. ६ द. जंतु. ७ क. छुहु. ८ क. °देउलि. ९ क. में यह पंक्ति स्याही उड़ जाने के कारण पढ़ी नहीं जा सकी. १० द. पर. ११ क. सिउ.

४८ छोड़ दो ! स्वतन्त्र छोड़ दो ! जहां भावे तहां जाने दो।
उसे सिद्धि-महापुरी की ओर वढने दो। कुछ हर्ष विषाद
मत करो। (अर्थात् मन जव इन्द्रिय–विषयों से मुक्त हो
जाता है तो वह मुक्ति की ओर अग्रसर होता है।)

४९ मन परमेश्वर से मिल गया और परमेश्वर मन से।
दोनों समरस हो रहे, पूजा किसे चढाऊं ?

५० देव की आराधना करता है, परमेश्वर कहां चला गया ?
जो शिव सर्वाङ्ग में व्याप्त है उसका विस्मरण कैसे
हो गया ?

५१ अहो ! जो पर है वह पर ही है, पर आत्मा नहीं है। मैं
दग्ध हो जाता हूं, वह वच जाता है और फिर लौट कर
भी नहीं देखता। (अर्थात् जड़ शरीर पर है। इसके
दग्ध हो जाने पर आत्मा इससे सर्वथा पृथक् हो
जाता है।)

५२ हे मूढ ! यह सव कर्मजंजाल है। निष्कर्म कोई नहीं है।
जीव गया पर उसके साथ कुटी (देह) नहीं गई। इस
दृष्टान्त को देख।

५३ देहरूपी देवालय में जो शक्तियों सहित देव वास करता
है, हे जोगी ! वह शक्तिमान् शिव कौन है ? इस भेद को
शीघ्र ढूंढ।

५४ जो न जीर्ण होता है, न मरता है और न उत्पन्न होता
है, जो सव के परे कोई अनन्त, ज्ञानमय, त्रिभुवन का
स्वामी है, वही निर्भ्रान्त शिव देव है।

अप्पा अप्पि परिट्ठियउ कहिँ मि ण लग्गइ लेउं[1] ।
सव्वु जि[2] दोसु महंतु तसु[3] जं पुणु होइ अछेउ ॥ ९० ॥

जोइय जोएं लइयंइण[4] जइ धंधइ ण पडीसि ।
देहकुंडिल्ली[5] परिखिवइ तुहुं तेमइ अच्छेसि ॥ ९१ ॥

अरि मणकरह म रइ करहि इंदियविसयसुहेण ।
सुक्खु[6] णिरंतरु जेहिं ण वि मुचहि ते वि खणेण ॥ ९२ ॥

तूसि म रूसि म कोहु करि कोहें णासइ धम्मु ।
धम्मि[7] णट्ठि णरयगइ अह गउ माणुसजम्मु ॥ ९३ ॥

हत्थ अहुट्ठहं[8] देवली वालहं[9] णा हि पवेसु ।
संतु[10] णिरंजणु तहिं[11] वसइ णिम्मलु होइ गवेसु ॥ ९४ ॥

अप्पापरहं ण मेलयउ मणु मोडिवि[12] सहस त्ति ।
सो वढ जोइय किं करइ जासु ण एही[13] सत्ति ॥ ९५ ॥

सो जोयउ जो जोगवइ णिम्मलि[14] जोइय जोइ ।
जो पुणु इंदियवसि गयउ सो इह सावयलोइ[15] ॥ ९६ ॥

---

१ क लोउ. २ क. जु. ३ क. तहो. ४ क. लइण. ५ द. कुडल्ली. ६ क. मुक्खु. ७ क. धम्मे णट्ठे. ८ द. अहुट्ठ जु. ९ द. वालहि. १० द. सन्तु. ११ क. तह. १२ क. तोडिवि. १३ क. एहा. १४ क. णिम्मणु भावइ जीउ. १५ क. सावइ.

५५ शिव के विना शक्ति का व्यापार नहीं होता और शक्ति-विहीन शिव का। इन दोनो को जान लेने से सकल जगत मोह मे विलीन समझ म आने लगता है।

५६ जबतक तुम्हारा वह अन्य, ज्ञानमय भाव नही लखा गया (तभी तक यह) संकल्प-विकल्परूपी अज्ञानमय, हतभाग्य, बेचारा चित्त है।

५७ नित्य, निरामय, ज्ञानमय, परमानन्द-स्वभाव, पर आत्मा को जिसने जान लिया उसके कोई अन्य भाव नही रहता।

५८ हमने एक जिन को जान लिया तो अनन्त देव को जान लिया। जो ऐसा आचरणशील नही है वह मोह से मोहित होकर दूर भ्रमण करता रहता है।

५९ जिसके हृदय में केवलज्ञानमय आत्मा निवास करता है वह त्रिभुवन में स्वतंत्र रहता है। उसे कोई पाप नही लगता।

६० जो मुनि बंधन के हेतु को न सोचता है, न कहता है और न करता है वही केवलज्ञान से स्फुरायमान शरीरवाला, परमात्म, देव है।

६१ जब भीतरी चित्त मैला है तब बाहिर तप करने से क्या? चित्त में उस विचित्र निरंजन को धारण कर जिससे मैल से छुटकारा हो।

जेण णिरंजणि मणु धरिउ विसयकसायँहिं जंतु ।
मोक्खह कारणु एँत्तडउ अवरइं तंतु ण मंतु ॥ ६२ ॥

खंतु पियंतु वि जीव जइ पावहि सासयमोक्खु ।
रिसहु भडारउ किं चवइ सयलु वि इंदियसोक्खु ॥ ६३ ॥

देहँमहेली एह वढ तउ सत्तावइ ताम ।
चित्तु णिरंजणु परिण सिहुं समरसि होइ ण जाम ॥ ६४ ॥

जसु मणि णाणु ण विप्फुरइ सव्व वियप्प हणंतु ।
सो किम पावइ णिच्चसुहु सयलइं धम्म कहंतु ॥ ६५ ॥

जसु मणि णिवसइ परमपउ सयलइं चिंतं चवेवि ।
सो पर पाँवइ परमगइ अट्ठइं कम्म हणेवि ॥ ६६ ॥

अप्पा मिँल्लिवि गुणणिलउ अण्णु जि झायहि झाणु ।
वढ अण्णाणविमीसियहं कहं तहं केवलणाणु ॥ ६७ ॥

अप्पा दंसणुं केवलुँ वि अण्णु सयँलु ववहारु ।
एक्कु सु जोइय झाइयइ जो तइलोयहं सारु ॥ ६८ ॥

---

१ क. धरिउ मणु. २ क. कसायहं. ३ क. एत्तु वुढ अउरइ. ४ क. में यह दोहा नहीं है. ५ क, द. चित्त. ६ क. भावइ. ७ क. मेल्लवि. ८ क. मिर्मासियहं. ९ द. दंसण. १० क. केवलइं. ११ द. सव्वु. १२ क. जइ.

६२ विषय-कषायों में जाते हुए मन को जिसने निरंजन (आत्मा) में रोक लिया तो मोक्ष का कारण इतना ही है। और कोई तंत्र है न मंत्र।

६३ हे जीव! यदि तूँ खाता पीता हुआ ही शाश्वत मोक्ष को पा जाय तो ऋषभ महाराज ने सकल इन्द्रिय-सुखों को क्यों त्यागा?

६४ हे मूढ़! यह देहरूपी महिला तुझे तभी तक सताती है जब तक निरंजन (निष्कलंक) मन पर (परमात्मा) के साथ समरस नहीं होता।

६५ जिसके मन में सब विकल्पों का हनन करने वाला ज्ञान विस्फुरायमान नहीं हुआ वह, सभी कुछ को धर्म कहता हुआ, नित्य सुख कैसे पा सकता है?

६६ सब चिन्ताओं को छोड़कर जिसके मन में परमात्मा का निवास हो गया वह फिर, आठ कर्मों का हनन करके, परमगति को पाता है।

६७ गुणों के निलय आत्मा को छोड़ कर और ध्यान ध्याता है। हे मूर्ख! जो अज्ञान में मिश्रित (लिप्त) हैं उनके केवल ज्ञान कहां?

६८ दर्शन और केवल (ज्ञान) ही आत्मा है, और सब व्यवहार (भाव) है। जो त्रैलोक्य का सार है ऐसे इसी एक का, हे योगियो! ध्यान करना चाहिये।

अप्पा दंसणणाणमउ सयलु वि अण्णु पयालु ।
इयँ जाणेविणु जोइयहुँ छंडहु मायाजालु ॥ ६९ ॥

अप्पा मिल्लिवि जगतिलउ जो परँदव्वि रमंति ।
अण्णु कि मिच्छादिट्ठियहं मत्थइं सिंगइं होंति ॥ ७० ॥

अप्पा मिल्लिवि जगतिलउ मूढ म झायहि अण्णु ।
जिँ मरगउ परियाणियउ तँहु किं कच्चहु गण्णु ॥ ७१ ॥

सुहपरिणामहिं धम्मु वढ असुहइं होइ अहम्मु ।
दोहिं मि एहिं विवज्जियँउ पावइ जीउ ण जम्मु ॥ ७२ ॥

सइं मिलिया सइं विहडिया जोइय कम्म णिभंति ।
तरलसहावहिं पंथियहिं अण्णु कि गाम वसंति ॥ ७३ ॥

अण्णु जि जीउ म चिंति तुहुं जइ वीहँउ दुक्खस्स ।
तिलतुसमित्तु वि सल्लडा वेयण करइ अवस्स ॥ ७४ ॥

अप्पाए वि विभावियइं णासइ पाउ खणेण ।
सूरु विणासइ तिमिरहरु एक्कल्लउ णिमिसेण ॥ ७५ ॥

---

१ क. द. दंसणु. २ द. इम. ३ क °हो. ४ क. मेल्लवि जयति. ५ क. परदव्व. ६ क. जं. ७ क. तहो. ८ क. दोहं मि. ९ क. द. गहं. १० क. विवज्जियए. ११ क. नरलसहाव वि; द. नरलि सहाव वि. १२ क. भोयउ. १३ क. में यहां से आगे की तीन पंक्तियां बिलकुल ही उड़ गई हैं.

६९ आत्मा दर्शन और ज्ञानमय है, अन्य और सब प्रजाल है। ऐसा जानकर, हे योगियो! मायाजाल को छोड़ो।

७० जगतिलक आत्मा को छोड़कर जो परद्रव्य में रमण करते हैं, तो और क्या मिथ्या-दृष्टियों के माथे पर सींग होते हैं?

७१ जगतिलक आत्मा को छोड़कर, हे मूढ! अन्य किसी का ध्यान मत कर। जिसने मरकत (मणि) को पहचान लिया वह क्या कांच को कुछ गिनता है?

७२ हे मूर्ख! शुभ परिणामों से धर्म और अशुभ से अधर्म होता है। इन दोनों से विवर्जित होकर जीव पुनर्जन्म नहीं पाता।

७३ हे जोगी! कर्म स्वयं मिलते और स्वयं बिछुड़ते हैं, इसमें भ्रान्ति नहीं। चञ्चल स्वभाव के पथिकों से और क्या गांव बसते हैं!

७४ यदि तूँ दुख से भयभीत है तो अन्य को जीव मत मान। तिल व तुषमात्र शल्य (कांटा) भी अवश्य वेदना करता है।

७५ आत्मा की भावना करने से पाप एक क्षण में नष्ट हो जाता है। अकेला सूर्य एक निमेष में अंधकार के समूह का विनाश कर देता है।

जोइय हियडइ जासु पर एक्कु जि णिवसइ देउ ।
जम्मणमरणविवज्जियउ तो पावइ परलोउ ॥ ७६ ॥

कम्मु पुराइउ जो खवइ अहिणव पेसु ण देइ ।
परमणिरंजणु जो णवइ सो परमप्पउ होइ ॥ ७७ ॥

पाउ वि अप्पहिं परिणवइ कम्मइं ताम करेइ ।
परमणिरंजणु जाम ण वि णिम्मलु होइ मुणेइ ॥ ७८ ॥

अण्णु णिरंजणु देउ पर अप्पा दंसणणाणु ।
अप्पा सच्चउ मोक्खपहु एहउ मूढ वियाणु ॥ ७९ ॥

ताम कुतित्थइं परिभमइं धुत्तिम ताम करंति ।
गुरुहुं पसाएं जाम ण वि देहहं देउ मुणंति ॥ ८० ॥

लोहिं मोहिउ ताम तुहुं विसयहं सुक्ख मुणेहि ।
गुरुहुं पसाएं जाम ण वि अविचल बोहि लहेहि ॥ ८१ ॥

उप्पज्जइ जेण विबोहु णं वि बहिरण्णउ तेण णाणेण ।
तइलोयपायडेण वि असुंदरो जत्थ परिणामो ॥ ८२ ॥

---

१ क. पुराइउ. २ क. णिक्कमणु. ३ द. में यह दोहा नहीं है. ४ क. कुतित्थइं. ५ द. करेइ. ६ द. गुरुहं. ७ द. मुणंतु. ८ क. बोहु. ९ क. में 'ण वि' नहीं है.

७६ हे जोगी! जिसके हृदय में जन्म-मरण से विवर्जित एक परम देव निवास करता है वह परलोक को प्राप्त करता है।

७७ जो पुराने कर्म को खपाता है और नये का प्रवेश नहीं होने देता, तथा जो परम निरंजन (देव) को नमस्कार करता है वह परमात्मा हो जाता है।

७८ पाप का आत्मा में तभी तक परिणाम होता है और तभी तक कर्म-बंध होता है, जब तक, निर्मल होकर, परम निरंजन को नहीं जान लेता।

७९ दर्शन और ज्ञानमयी निरंजन देव परम आत्मा अन्य ही है। आत्मा ही सच्चा मोक्ष पथ है। हे मूढ! ऐसा जान।

८० (लोक) तभी तक कुतीर्थों का परिभ्रमण करते हैं और तभी तक धूर्तता भी करते हैं जब तक वे गुरु के प्रसाद से देह के देव को नहीं जान लेते।

८१ तूँ तभी तक लोभ से मोहित हुआ विषयों में सुख मानता है, जब तक कि, गुरु के प्रसाद से, अविचल बोध नहीं पाया।

८२ जिससे विशेष बोध (अर्थात् आत्मज्ञान) उत्पन्न न हो ऐसे त्रैलोक्य को प्रकट करने वाले ज्ञान से भी (जीव) बहिर्ज्ञानी (बहिरात्मा) ही रहता है, जिसका कि परिणाम अशुभ है।

तासु लीह दिढ दिज्जइ जिम पढियइ तिम किज्जइ ।
अह व ण गम्मागम्मइ तासु भजेसहिं अप्पेणु कम्मइं ॥ ८३ ॥

वक्खाणडा करंतु बुहु अप्पि ण दिण्णुं णु चित्तु ।
कणहिं जि रहिउं पयालु जिम पर संगहिउ वहुत्तु ॥ ८४ ॥

पंडियपंडिय पंडिया कणु छंडिवि तुस कंडियां ।
अंत्थे गंथे तुट्ठो सि परमत्थु ण जाणहि मूढो सि ॥ ८५ ॥

अक्खरडेहिं जि गव्विया कारणु ते णं मुणंति ।
वंसविहत्था डोम जिम परहत्थडा धुणंति ॥ ८६ ॥

णाणतिडिक्की सिक्खि वढ किं पढियइं वहुएण ।
जा संधुक्की णिड्डहइ पुण्णु वि पाउ खणेण ॥ ८७ ॥

सयलु वि को वि तडप्फडइ सिद्धत्तणहु तेंणेण ।
सिद्धत्तणु पैरि पावियइ चित्तहं णिम्मलएण ॥ ८८ ॥

केवलुं मलपरिवज्जियउं जेंहिं सो ठाइ अणाइ ।
तस उरि सव्वु जगु संचरइ परइ ण कोइ वि जाइ ॥ ८९ ॥

---

१ द. अप्पु. २ क. दिण्णा चित्तु. ३ क. रहियउ. ४ क. खंडिया. ५ द. अत्थो. ६ क. तुट्टोसि. ७ क. म मुणंति. ८ क. तिडक्की; द. तिडिक्की. ९ क. सिंधुक्की. १० द. खणेण. ११ क. पर. १२ क. सीलहं कलपरि. १३ द. 'यइं. १४ क. कहिं.

८३ उसकी दृढ रेखा खींच लेना चाहिये, जैसा पढा तैसा करना चाहिये, अथवा इधर उधर भटकना नहीं चाहिये। ऐसा करने वाले के कर्म आपसे भग्न हो जाँयगे।

८४ व्याख्यान करते हुए बुद्धिमान् ने यदि आत्मा में चित्त नहीं दिया तो मानो उसने अन्न के कणों से रहित वहुतसा पयाल संग्रह किया।

८५ हे पण्डितों में श्रेष्ठ पण्डित! तूने कण को छोड़ तुष को कूटा है। तूँ ग्रंथ और उसके अर्थ में संतुष्ट है, किन्तु परमार्थ को नहीं जानता। इसलिये तूँ मूर्ख है।

८६ जो शब्दाडम्बर का ही गर्व करते हैं वे कारण को नहीं जानते। वे वंशविहीन डोम के समान दूसरों के हाथ मलते हैं!

८७ हे मूर्ख! वहुत पढने से क्या? ज्ञान-तिलिंग (-अग्निकण) को सीख जो प्रज्वलित होने पर पुण्य और पाप को क्षणमात्र में जला डालती है

८८ सभी कोई सिद्धत्व के लिये तड़फड़ाता है। पर सिद्धत्व चित्त के निर्मल होने से ही मिल सकता है।

८९ जहां वह मल-परिवर्जित, अनादि, केवली स्थित है उसी के उर में समस्त जगत् संचार करता है। उसके परे कोई भी नहीं जा सकता।

अप्पा अप्पि परिट्ठियउ कहिं मि ण लग्गइ लेउ[1] ।
सव्वु[2] जि दोसु महंतु तसु[3] जं पुणु होइ अछेउ ॥ ९० ॥

जोइय जोएं लइयेइण[4] जइ धंधइ ण पडीसि ।
देहकुंडिल्ली[5] परिखिवइ तुहुं तेमइ अच्छेसि ॥ ९१ ॥

अरि मणकरह म रइ करहि इंदियविसयसुहेण ।
सुक्खु[6] णिरंतरु जेहिं ण वि मुच्चहि ते वि खणेण ॥ ९२ ॥

तूसि म रूसि म कोहु करि कोहें णासइ धम्मु ।
धम्मि[7] णट्ठि णरयगइ अह गउ माणुसजम्मु ॥ ९३ ॥

हत्थ अहुट्ठहं[8] देवली वालहं[9] णा हि पवेसु ।
संतु[10] णिरंजणु तहिं[11] वसइ णिम्मलु होइ गवेसु ॥ ९४ ॥

अप्पापरहं ण मेलयउ मणु मोडिवि[12] सहस त्ति ।
सो वढ जोइय किं करइ जासु ण एही[13] सत्ति ॥ ९५ ॥

सो जोयउ[14] जो जोगवइ णिम्मलि जोइय जोइ ।
जो पुणु इंदियवसि गयउ सो इह सावयलोइ[15] ॥ ९६ ॥

---

१ क. लेउ. २ क. सु. ३ क. तहो. ४ क. लइण. ५ द. कुडल्ली. ६ क. सुक्खु. ७ क. धम्मे णट्ठे. ८ द. अहुट्ठ सु. ९ द. वालहि. १० द. सन्तु. ११ क. तह. १२ क. तोडिवि. १३ क. एहा. १४ क. णिम्मणु सावय जोउ. १५ क. सावय.

९० जब आत्मा आत्मा में परिस्थित हो जाता है तब उसमें कहीं कोई लेप (मल) नहीं लगता और उसके जो सब महादोष होते हैं उनका पूर्णतः छेदन हो जाता है।

९१ हे जोगी! जोग लेकर यदि तूँ फिर धंधे में नहीं पड़ेगा तो इस देहरूपी कुटिया का क्षय हो जायगा और तूँ उसी प्रकार अक्षय हो जायगा! (या, तूँ जिस कुटिया में रहता है उस देहरूपी कुटी का क्षय हो जायगा)।

९२ रे मनरूपी करभ, इन्द्रियविषयों के सुख से रति मत कर। जिनसे निरन्तर सुख नहीं मिल सकता उन सब को क्षणमात्र में छोड़।

९३ न तोष कर, न रोष कर, न क्रोध कर। क्रोध से धर्म का नाश होता है। धर्म नष्ट होने से नरकगति होती है। इस प्रकार मनुष्य-जन्म ही गया।

× ९४ हाथ से अधिष्ठित (?) जो छोटासा देवालय है वहां बाल का भी प्रवेश नहीं हो सकता। संत निरंजन वहीं बसता है। निर्मल होकर ढूंढ।

९५ मन को सहसा मोड लेने से आत्मा और पर का मेल नहीं हो सकता। किन्तु वह मूर्ख जोगिया क्या करे जिसकी इतनी शक्ति ही नहीं है?

९६ वही जोग है जो जोगी निर्मल ज्योति को जोहले (देखले)। किन्तु जो इन्द्रियों के वश में गया वह यहीं श्रावक लोक में है।

बहुयइं पढियइं मूढ पर तालू सुक्कइ जेण ।
एक्कु जि अक्खरु तं पढहु सिवपुरि गम्मइ जेण ॥ ९७ ॥

अन्तो णत्थि सुईणं कालो थोओ वयं च दुम्मेहा ।
तं णवर सिक्खियव्वं जिं जरमरणक्खयं कुणहि ॥ ९८ ॥

णिल्लक्खणु इत्थीबाहिरउ अकुलीणउ महु मणि ठियउ ।
तसु कारणि आणी माहू जेण गवंगउ संठियउ ॥ ९९ ॥

हउं सगुणी पिउ णिग्गुणउ णिल्लक्खणु णीसंगु ।
एकहिं अंगि वसंतयहं मिलिउ ण अंगहिं अंगु ॥ १०० ॥

सव्वहिं रायहिं छहरसहिं पंचहिं रूवहिं चित्तु ।
जासु ण रंजिउ भुवणयलि सो जोइय करि मित्तु ॥१०१ ॥

तव तणुअं मि सरीरयहं संगु करि छिउ जाहं ।
ताहं वि मरणदवक्कडिय दुसहा होइ णराहं ॥ १०२ ॥

देह गलंतहं सवु गलइ मइ सुइ धारण धेउ ।
तहिं तहइं वढ अवसरहिं विरला सुमरहिं देउ ॥ १०३ ॥

---

१ क. °मरणं. २ द. थीमाइ (?). ३ क. तेण. ४ क. रूयहिं. ५ द. णिरंजिउ. ६ क. भुवणयलु. ७ क. °इयकक्कडिय. ८ क. दुसही. ९. क. हहोहन्दं.

९७ वहुत पढा जिससे तालू सूख गया पर मूर्ख ही रहा। उस एक ही अक्षर को पढ जिससे शिवपुरी का गमन हो।

९८ श्रुतियों का अन्त नही है, काल थोडा और हम दुर्बुद्धि हैं। इसालिये केवल वही सीखना चाहिये जिससे तूँ जरा-मरण का क्षय कर सके।

× ९९ निर्लक्षण, स्त्री-वहिष्कृत और अकुलीन मेरे मन मे वसा है। उसके कारण माहुर लाई गयी जिससे इन्द्रियाङ्ग को सुशोभित किया।

१०० मैं सगुण हूं और प्रिय निर्गुण, निर्लक्षण और निःसंग है। एकही अंग रूपी अंक अर्थात् कोठे में वसने पर भी अंग से अंग नही मिल पाया।

१०१ जिसका चित्त सव रागों में, छह रसों मे व पांच रूपों में भुवनतल में रक्त नही है, हे जोगी, उसे अपना मित्र वना।

१०२ जिनका तप थोडा भी शरीर का संग करके स्थित है (अर्थात् जो तपस्या करते हुए भी थोड़ा वहुत शरीर का मोह रखते है) उन नरों को भी मरण की छोटीसी आग दुस्सह होती है।

१०३ जिनकी देह गलती है उनकी मति, श्रुति, धारण, ध्येय सव गल जाता है। तव उस अवसर पर, हे मूर्ख! विरले ही देव का स्मरण करते हैं।

उम्मणि थक्का जासु मणु भग्गा भूवहिं चारु ।
जिम भावइ तिम संचरउ ण वि भउ ण वि संसारु ॥१०४॥

जीव वहंति णरयगई अभयपदाणें सग्गु ।
वे पह जव लौं दरिसियेइं जहिं भावइ तहिं लग्गु ॥१०५॥

सुॅक्खअडा दुइ दिवहडइं पुणु दुक्खहं परिवाडि ।
हियडा हउं पइं सिक्खवमि चित्त करिज्जहि वाडि ॥१०६॥

मूढा देह मं रज्जियइ देह ण अप्पा होइ ।
देहँहं भिण्णउ णाणमउ सो तुहुं अप्पा जोइ ॥ १०७ ॥

जेहा पाणहं झुंपडा तेहा पुत्तिए काउ ।
तित्थु जि णिवसइ पाणिवइ तहिं करि जोइय भाउ ॥१०८॥

मूलु छंडि जों डाल चडि कहं तह जोयाभासि ।
चीरु ण वुणणहं जाइ वढ विणु उट्टियेइं कपासि ॥१०९॥

सव्ववियप्पेंहं तुट्टहं चेयणभावेंगयाहं ।
कीलइ अप्पु परेण सिहु णिम्मलँझाणटियाहं ॥११०॥

---

१ द. गउ. २ क. हँ. ३ द. दरिसियउ. ४ क. द. सुक्खडा. ५ क. न. ६ द. रज्जियइ. ७ क. देहँ. ८ क. जे. ९ क. कालहं जोयाभासि. १० क. अट्टिया. ११ क. प्पइं तुट्टाहं. १२ क. भाउ. १३ क. णिम्मलु.

१०४ जिसका सुन्दर मन भौतिक पदार्थों से भागकर मन के परे (आत्मा में) स्थिर हो गया वह फिर जैसा भावे तैसा संचार कर सकता है। उसे फिर न भय है न संसार।

१०५ जीवों के वध से नरकगति होती है और अभयप्रदान से स्वर्ग। ये दो पथ जाने के लिये बतला दिये गये हैं। जहां भावे तहां लग जा।

१०६ सुख दो दिन के हैं, फिर दुःखों की परिपाटी। हे हृदय, मैं तुझे सिखाता हूं। वाट (सच्चे मार्ग) पर चित्त दे।

१०७ हे मूढ़! देह में रंजायमान मत हो। देह आत्मा नहीं है; देह से भिन्न जो ज्ञानमय है उस आत्मा को तूँ देख।

१०८ जैसा प्राणों का झोंपड़ा तैसा, अहो, यह काय है। उसमें प्राणिपति निवास करता है। हे जोगी! उसी में भाव कर।

१०९ मूल को छोड़कर जो डाल पर चढता है उसको जोग अभ्यास कहां? हे मूर्ख! विना औंटे हुए कपास के चीर नहीं बुना जाता।

११० जिनके सब विकल्प छूट गये हैं, जो चेतन भाव में गये हैं, और निर्मल ध्यान में स्थित हैं उनका आत्मा पर के साथ खेलता है।

अज्जु जिणिज्जइ करहुलउ लइ पइं देविणुं लक्खु ।
जित्थु चडेविणु परममुणि सव्व गयागय मोक्खुं ॥ १११ ॥

करहा चँरि जिणगुणथलिहिं तव विल्लडिय पगाम ।
विसमी भवसंसारगइ उल्लूरियहि ण जाम ॥ ११२ ॥

तव दावणु वय भियमँडा समदम कियउ पलाणु ।
संजमघरंहं उमाँहियउ गउ करहा णिव्वाणु ॥ ११३ ॥

एक ण जाणहि वट्टडिय अवरु ण पुच्छहि कोई ।
अद्दवियद्दहं डुंगरहं णर भंजंता जोइ ॥ ११४ ॥

वट्ट जु छोडिवि मउलियउ सो तरुवरु अकँयत्थु ।
रीणा पहिय ण वीसमिय फलेंहिं ण लायउ हत्थु ॥ ११५ ॥

छहदंसणधंधइ पडिय मणहं ण फिट्टियें भंति ।
एकु देउ छह भेउ किउ तेण ण मोक्खँहं जंति ॥ ११६ ॥

अप्पा भिल्लिवि एक्कु पर अण्णु ण वइरिउ कोइ ।
जेंणं विणिम्मिय कम्मडा जइ पर फेडइ सोइ ॥ ११७ ॥

---

१ क. जि णज्जइ. २ क. दिव्वउ. ३ क. मुक्खु. ४ द. चडि. ५ क. चय णिल्लडइ. ६ क. °घर. ७ द. उम्मा°. ८ द. को वि. ९ क. अकियत्थु. १० क. फलिहिं. ११ क. फिट्टय. १२ क. °हो. १३ द. जेण वि अज्जिय दुक्खडा.

१११ शीघ्र लक्ष्य देकर आज तुझे उस करभ को जीतना चाहिये जिसपर चढकर परम मुनि सब गमनागमन से मुक्त हो जाते हैं।

११२ हे करभ! जब तक तूँ विषम भवसंसार की गति का उच्छेदन न कर डाले तब तक जिनगुण रूपी स्थली में चर। तेरा पैगाम छोड़ दिया है।

११३ तप का दामन (बंधन), व्रत का...(?) तथा शम और दम का पल्याण बनाया। इस प्रकार संयमरूपी गृह से उन्माथी हुआ करहा (करभ) निर्वाण को गया।

११४ एक तो तूँ स्वयं मार्ग नही जानता और दूसरे किसी से पूछता भी नही है। (इस प्रकार के) मनुष्यों को अटवी अटवी और पहाड़ों पर भटकते हुए देख!

११५ जो पत्र छोड़कर मौरा है वह तरुवर अकृतार्थ है। थके हुए पथिकों को वहां विश्राम नहीं मिलता और फलों को भी कोई हाथ नही लगाता। (अर्थात् यदि धनी पुरुष में परोपकार बुद्धि न रही और उससे दुःखियों का उपकार न हुआ तो उस धन से क्या लाभ?)

११६ षट्दर्शन के धंधे में पड़कर मन की भ्रान्ति न मिटी। एक देव के छह भेद किये इससे वे मोक्ष नहीं जाते। (अर्थात् षट्दर्शन का लक्ष्य एक ही है। उनमें जो विरोध मानता है वह भ्रान्ति में है, इससे उसका कल्याण नहीं हो सकता।)

११७ हे आत्मन्! एक पर को छोड़कर अन्य कोई वैरी नहीं है। जिसने कर्मों का निर्माण किया है उस पर को जो मिटा दे वही यति है।

जइ वारउं तो तहिं जि पर अप्पहं मणु ण धरेइ ।
विसयहं कारणि जीवडउ णरयहं दुक्ख सहेइ ॥ ११८ ॥

जीव म जाणहि अप्पणा विसया होसहिं मज्झु ।
फल किंपाकहि जेम तिम दुक्ख करेसहिं तुज्झु ॥ ११९ ॥

विसया सेवहि जीव तुहुं दुक्खहं साहिक एण ।
तेण णिरारिउ पज्जलइ हुववहु जेम घिएण ॥ १२० ॥

असरीरहं संधाणु किउ सो धाणुक्कु णिरुत्तु ।
सिवतत्ति जिं संधियउ सो अच्छइ णिच्चिंतु ॥ १२१ ॥

हलि सहि काइं करइ सो दप्पणु ।
जहिं पडिबिंबु ण दीसइ अप्पणु ॥
धंधवालु मो जगु पडिहासइ ।
घरि अच्छंतु ण घरवइ दीसइ ॥ १२२ ॥

जसु जीवंतहं मणु मुवउ पंचेंदियहं समाणु ।
सो जाणिज्जइ मोक्कलउ लद्धउ पहु णिव्वाणु ॥ १२३ ॥

किं किज्जइ बहु अक्खरहं जे कालि खउ जंति ।
जेम अणक्खरु संतु मुणि तव वढ मोक्खु कहंति ॥१२४॥

---

१ क. जाणहि. २ क. माहक. ३ ? . जं. ४ ? . पडिबिंबि.
५ ? . धंधइवालु. ६ ? . घर. ७ ? . म वि. ८ ? . चढ.

११८ यद्यपि मैं रोकता हूं तो भी वह पर ही पर जाता है, मन को आत्मा में धारण नही करता। विषयों के कारण जीव नरकों के दुख सहता है।

११९ हे जीव! अपने से ऐसा मत जान कि ये विषय मेरे होवेंगे। ऐसे फल क्यों पकाता है जिससे वे तुझे दुख पहुँचावें।

१२० हे जीव! तूँ विषयों का सेवन करता है किन्तु वे दुख के साधक हैं। इसीलिये तूँ बहुत जलता है, जैसे घृत से अग्नि प्रज्वलित होती है।

१२१ जिसने अशरीरी (सिद्धात्मा) का सन्धान किया वही सच्चा धनुर्धारी है। जो शिव की तत्परता में संलग्न है वह निश्चिन्त रहता है। (अर्थात् अपने आत्मा को लक्ष्य बनाकर उसी में तल्लीन रहना ही सच्चा कौशल है)।

१२२ हे सखी! भला उस दर्पण का क्या करना जहां अपना प्रतिबिंब न दिखे? मुझे यह जगत् लज्जावान् भासता है। घर में रहते हुए भी गृहपति का दर्शन नही होता।

१२३ जिसका जीते जी पंचेन्द्रियों सहित मन मर गया उस को मुक्त जानना चाहिये। उसने निर्वाण-पथ को पा लिया।

१२४ बहुत से अक्षरों का क्या करना जो कुछ समय में क्षय को प्राप्त हो जाते हैं। जिससे मुनि अनक्षर (अक्षय) हो जावे उसे, हे मूर्ख! मोक्ष कहते हैं।

छहदंसणगंथि बहुल अवरुप्परु गज्जंति ।
जं कारणु तं इक्कु पर विवरेरा जाणंति ॥ १२५ ॥

सिद्धंतपुराणहिं वेय वढ बुज्झंतहं णउ भंति ।
आणंदेण व जाम गउ ता वढ सिद्ध कहंति ॥ १२६ ॥

सिवसत्तिहिं मेलावडा इहु पसुवाडहिं होइ ।
भिण्णिय सत्ति सिवेण सिहुं विरला बुज्झइ कोइ ॥१२७॥

भिण्णउ जेहिं ण जाणियउ णियदेहहं परमत्थु ।
सो अंधउ अवरहं अंधयहं किम दरिसावइ पंथु ॥ १२८ ॥

जोइय भिण्णउ झाय तुहुं देहहं ते अप्पाणु ।
जइ देहु वि अप्पउ मुणहि ण वि पावहि णिव्वाणु ॥१२९॥

छत्तु वि पाइ सुगुरुवडा सयलकालसंतावि ।
णियदेहडइ वसंतयहं पाहण वाडि वहाइ ॥ १३० ॥

सो सुण्णा पसु गरुवडा सयल कालि झंखाइ ।
णियदेहहं सि वसंतयहं सुण्णा मढ सेवाइ ॥ १३१ ॥

---

१ द. कारणि. २ क. °पुराणहं. ३ क. विजाण. ४ क. सिद्धि. ५ क. वरु. ६ क. सहुं. ७ द. झाइ. ८ द. अप्पु वि. ९ द. छत्ता°. १० क. गहु.

१२५ षट् दर्शन के ग्रंथ रूपी ग्रन्थि से बहुत से एक दूसरे पर गरजते हैं। जो कारण है वह एक पर ही है, किन्तु लोग विपरीत समझते हैं।

१२६ सिद्धान्त, पुराण और वेद जानने वालों के जब भ्रान्ति न रहे और जब उनका आनन्द से गमन हो जाय तब, हे मूर्ख ! वे सिद्ध कहलाते हैं।

१२७ यह शिव और शक्ति का मेल पशु-वध में होता है। शक्ति शिव से भिन्न है यह कोई विरला ही समझता है।

१२८ जिसने अपनी देह से परमार्थ को भिन्न नहीं जाना वह अंधा दूसरे अंधों को कैसे मार्ग दिखा सकता है ?

१२९ हे जोगी ! तूँ अपने आत्मा का देह से भिन्न ध्यान कर। यदि देह को भी आत्मा मानेगा तो निर्वाण नहीं पा सकता।

१३० बड़ा भारी छत्र पाकर भी सब काल में संताप पाता है। अपनी देह में बसने पर भी बाड़े में पाषाण ढुलवाता है। (अर्थात् छत्रधारी नरेश होकर के भी, लोभ और मोह के वश, जीव दुखी होता है। आत्मा का वास तो देह में है पर रहने के लिये पाषाणों के महल बनवाता है, यह सब मोहजाल है)।

१३१ सदैव मोटे और बड़े पशुओं को मत संताप पहुंचा। अपनी देह में बसने पर भी सूने मठ में बसने जाता है। (अर्थात् पशुओं का बलिदान देने में कल्याण नहीं है और न सूने मठों में रहने से। कल्याण आत्मानुभव में ही है)।

रायवयल्लहिं छहरसहिं पंचहिं रूवहिं चित्तु ।
जासु ण रंजिउ भुवणयलि सो जोइय करि मित्तु ॥ १३२ ॥

तोडिवि सयल वियप्पडा अप्पहं मणु वि धरेहि ।
सोक्खु णिरंतरु तहिं लहहि लहु संसारु तरेहि ॥ १३३ ॥

अरि जिय जिणवरि मणु ठवहि विसयकसाय चएहि ।
सिद्धिमहापुरि पइसरहि दुक्खहं पाणिउ देहि ॥ १३४ ॥

मुंडियमुंडिय मुंडिया । सिरु मुंडिउ चित्तु ण मुंडिया ।
चित्तहं मुंडणु जिं कियउ । संसारहं खंडणु तिं कियउ ॥ १३५ ॥

अप्पु करिज्जइ काइं तसु जो अच्छइ सव्वंगओ संतें ।
पुण्णविसज्जणु काइं तसु जो हालि इच्छइ परमत्थें ॥ १३६ ॥

गमणागमणविवज्जियउ जो तइलोयपहाणु ।
गंगइ गंरुवइ देउ किउ सो सण्णाणु अयाणु ॥ १३७ ॥

पुण्णेण होइ विहओ विहवेण मओ मएण मइमोहो ।
मइमोहेण य णरयं तं पुण्णं अम्ह मा होउ ॥ १३८ ॥

---

१ क. भुवणयलु. २ क. सुक्खु. ३ द. तं. ४ क. काहिज्जइ.
५ क. सव्वंगउ संठिउ. ६ क. गुरु. ७ क. सोसं भाणु सयाणु.
८ क. मय.

१३२ राग के कलकल से, छह रसों से व पांच रूपों से जिसका चित्त भुवनतल में रक्त न हुआ, हे जोगी! उसको मित्र बना।

१३३ समस्त विकल्पों को तोड़कर आत्मा में मन को धारण कर। वहीं तुझे निरन्तर सुख मिलेगा और तू शीघ्र संसार को तर जायगा।

१३४ रे जीव! जिनवर में मन को स्थिर कर, विषय-कषाय को छोड़, सिद्धि महापुरी में प्रवेश कर और दुखों को पानी (जलाञ्जलि) दे।

१३५ हे मूँड मुड़ाने वालों में श्रेष्ठ मुंडी! तूने सिर तो मुँडाया पर चित्त को न मोड़ा। जिसने चित्त का मुण्डन कर डाला उसने संसार का खण्डन कर डाला।

१३६ आत्मा उसका क्या करेगा जो सर्वांग में सुस्थित रहता है? जो भला परमार्थ की इच्छा करता है उसका पुण्य-विसर्जन क्या?

१३७ जो गमनागमन से विवर्जित है, त्रैलोक्य में प्रधान है (वह भी देव है) तथा बड़ी गंगा में भी (लोक ने) देव माना है। वह सद्ज्ञान और अज्ञान है।

१३८ पुण्य से विभव होता है, विभव से मद; मद से मति-मोह और मतिमोह से नरक। ऐसा पुण्य मुझे न हो।

कासु समाहि करउँ को अंचउँ ।
छोपु अछोपु भणिवि को वंचउँ ॥
हल सहि कलह केण सम्माणउँ ।
जहिं जहिं जोवउँ तहिं अप्पाणउ ॥ १३९ ॥

जइ मणि कोहु करिवि कलहीजइ ।
तो अहिसेउ णिरंजणु कीजइ ॥
जहिं जहिं जोयउ तहिं णउ को वि उ ।
हउं ण वि कासु वि मज्झु वि को वि उ ॥ १४० ॥

णमिओ सि ताम जिणवर जाम ण मुणिओ सि देहमज्झम्मि ।
जइ मुणिउ देहमज्झम्मि ता केण णवज्जए कस्स ॥ १४१ ॥

ता संकप्पवियप्पा कम्मं अकुणंतु सुहासुहाजणयं ।
अप्पसरूवासिद्धी जाम ण हियए परिफुरइ ॥ १४२ ॥

गहिलउ गहिलउ जणु भणइ गहिलउ मं करि खोहु ।
सिद्धिमहापुरि पइसरई उप्पाडेविणु मोहु ॥ १४३ ॥

---

मुणिअ – मुणित १४१.
मुत्त – मूत्र १९५,१९६.
मुय – मृत १५२.
मुयअ – मृत + क १२३.
मुंड – मुण्ड १५३.
मुंडण – मुण्डन १३५.
मुंडाइवि – मुण्डयित्वा १५३.
मुंडिअ – मुण्डित १३५.
मूढ – मूर्ख १३, ५२, ८५.
मूल – (तत्सम) १०९.
मूलगुण – (तत्सम) २१.
मूलट्ठिअ – मूल + स्थित १४६.
मेलय – मेलक १८४, १८५.
मेलयअ – मेलापक ९५.
मेलावडा – मेलापक १२७.
*मेलिय – मुक्त १५३ (देखो मिल्ल)
मेलियइ – मलिनायते २१५.
मेलवइ – मोचयति ४६ (देखो
मिल्ल)
मो – मह्यम् १२२.
मोक्कलअ – मुक्त + क ४८, ५९,
१२३.
मोक्ख – मोक्ष, ७, ११ आदि.
मोड – मुट् °डिवि-मोटयित्वा ९५
(हि. मोड़ना)
मोह – (तत्सम) १०, १४, ५८
आदि.
मोहिय – मोहित ८, ५८, ८१
आदि.

य

य – च १०.

र

रइ – रति १३, ४२, ९२.
रक्खिय – रक्षित ४४.
रज्ज – रञ्ज् °ज्जियइ-रज्यताम् १०७.
रज्जु – (तत्सम) २२०.
रत्त – रक्त २१७.
रम – °मंति-रमन्ते ७०; °रमंत-रममाण २; °मिय-मित १९६.
रयण – रत्न १५१.
रवि – (तत्सम) २१९.
रस – (तत्सम) १०१.
रस – रस् °सिवि-रसयित्वा १५२.
रह – रक्ष् °हंत-रक्षन् १९१. (हि. रहना).
रहिअ – रहित ८४.
रहिय – रक्षित (रहा) ४९.
रंज – °ज्जिइ-रज्यते ६.
रंजिअ,°य – रक्त १०१, १३२, २०१.
राम – रामा (स्त्री) ४२.
रामसीह – °सिंह (ग्रंथकर्ता) २११.
राय – राग १०१, १३२, २०४.
रिसह – ऋषभ (तीर्थंकर) ९३.
रिसि – ऋषि २१०.
°रीण – (तत्सम) रि+क्त-आगत (श्रान्त) ११५.
रुच्च – रुच्, °इ-रोचते २०६.
रूव – रूप १०१, १३२.
रूस – रुष् °सि-रुष्य ९३.
रोय – रोग ३४.
रोस – रोष २०४.

ल

लअ – लय १६९.
*लइ – शीघ्र १११ (सम्भवतः लात्वा से)
लइय – लात, °इण=लातेन ९१ (हि लेने से)
लक्ख – लक्ष ८, २३.
लक्ख – लक्ष्य १११, १८८.
लक्खिअ – लक्षित ५६.
लग्ग – लग्न ४५, १८५.
लग्ग – लग् °इ-लगति ५,९,९०; °ग्गु-लग (लोट्) १०५. (हि. लगना)
लद्ध – लब्ध १२३, २१६.
*लल्लि – लालसा, स्पृहा १७४. (लल्लं सदिसइ-णूमेसु दे. ७, २६).
लह – लभ् °इ-लभते ३; °हिं लभन्ते ४; °हंति १६४; °हि-लभ-

वर – (तत्सम) २०,३१.
वराअ – वराक ५६.
वल – °लिवि-वलित्वा ५१.
वलि – बलि १८९,१९२.
ववसाअ – व्यवसाय २०२, २०५.
ववहार – व्यवहार ६८.
वस – वश १०, ९६.
वस – वस् °इ-ति ५२, ९४; °संति ७३; °संत-वसत् ४१, १००, आदि; °सावइ-वासयति १८१; °सिय-उषित १९२.
वह – °इ-वहति १८१; °हाइ-वाहयति १२०; वाहि-वाह्य १७, १६०.
वह – वध १०५.
वंच – °उं-वञ्चयामि १२९.
वंद – °उ-वन्दत ४१;०हु-वन्दध्वम् ४१.
वंदअ – वन्दक (?) २२.
वंस – वंश ८६.
वाड – वर्त्मन्, का पाटक १०६, १२०.
वादविवाद – (तत्सम) २१७.
वामिय – वामीकृत १८१.
वार – ०उं-वारयामि ११८; ०रि-वारय १५५, १७०.
वारणहं – वारितुम् १८९.
वाल – वाल (रोमन्) ९४.
वावर – व्याप्तृ ०इ-व्याप्रियते ५५.
वावार – व्यापार २०३, २०४.
वास – (तत्सम) १२, २०, आदि.
वाहि – वाह्य (देखो वह) १७, १६०.
वाहिं – व्याधि २१०.
वि – पि (अपि) ३, १० आदि. (हि. भी.)
विग्गुत्त – विगुप्त (सचेल) १५४
*विच्च – वर्त्मन् १८८. (हि. बीच-मध्य)
विचित्त – विचित्र २४.
विचिंत – ०हि-विचिन्तयसि ११.
*विडाविड – रचित (कल्पित) १९९. ('रचेरुग्गहावह-विड-विड्डाः' हेम. ४, ९४.)
*विडप्प – अर्ज् इ-अर्ज्यते (वर्धते) १९; (अर्जेर्विढप्पः, हेम.४, २५१
*विणड – त्यज् ०इ-त्यजति १९६ (णड=गुप् हेम. ४, १५० गुप्येर्विरणडौ. सम्भवतः वि+नट् से बना है। यहां प्रसंग में त्यज् का अर्थ अधिक उपयुक्त होता है).

विणास -- °इ-विनाशयति ७५.
विणास -- विनाश २१९.
विणिम्मिय -- विनिर्मित २५, ११७.
विणु -- विना ५५.
विण्णि -- द्वि ४३,४९.२१३.
वित्थर -- विस्तार २०७.
विद्ध -- (तत्सम) १५७.
विपिल्लिअ -- विप्रेरित १६७.
विप्फुर -- वि + स्फुर् °इ °ति २४,६५.
विबोह -- विबोध ८२,१६७
विभाविय -- °त ७५.
विभिण्ण -- विभिन्न २६,४०.
विमीसिय -- विमिश्रित ६७.
वियप्प -- विकल्प ६५,११०, १४२.
वियप्पडा -- विकल्प + डा १३३.
वियप्पिअ -- विकल्पित ५६.
वियाण -- वि+ज्ञा, °णु-विजानीहि ७९.
वियाल -- विकाल (विगतकाल, अन्त) १८२.
विरल -- (तत्सम) १०३,१२७.
विरोलिय -- विलेडित १४७. (मन्थेर्घुसल-विरोलौ, हेम. ४,१२१.
विलिज्ज -- °इ-विलीयते १४, १७६.

विल्लडिय -- वल्लि + का ११२.
विल्लि -- वल्ली १७४ (देखो वेल्लि).
विवज्जिअ -- विवर्जित २५,७२, ७६ आदि.
विवरिअ -- विपरीत २५.
विवरेर -- विपरीत १२५,१२९.
विविह -- विविध १६८.
विस -- विष १५,२०.
विसज्जण -- विसर्जन १३६.
विसम -- विषम ११२,१८९.
विसय -- विषय ३,४ आदि.
विसहर -- विषधर २०.
विसाअ -- विषाद ४८.
विसेस -- विशेष २०,३१,२०७.
विहअ -- विभव १३८.
विहडिय -- विघटित ७३,१८७.
विहत्थ -- विहस्त, विहीन (?) ८६.
विहाण -- विधान १५१.
विहीण -- विहीन ५५,१४७.
विहूण -- विहीन ३८.
विंझ -- विन्ध्य (पर्वत) १५५.
वीसमिय -- विश्रामित ११५.
वीसारिज्ज -- °इ-विस्मार्यते ५०.
वीहअ -- विभीत ७४.
वुच्च -- व्रज् °इ-व्रजति १६८.
वुणणहं -- वातुम् १०८ (हि. बुनना).

वे – द्वे १०५,१७४,१८८ आदि.
वेमुह – द्विमुख २१३.
वेय – विद् °इ-वेत्ति १६५.
वेय – वेद १२६.
वेयण – वेदना ७४.
वेल्लि – वल्ली १७१ (हि वेल).

स

सइं – स्वयम् ७३,१७०.
सक्किय – संस्कृत १४९.
सग्ग – स्वर्ग १०५.
सगुणी – (तत्सम) १००.
सच्च – सत्य ७९.
सहुच्छलइ – (?) १५७.
सण्ण – सद् + क ३५.
सण्णाण – सद् + ज्ञान १२७.
सत्त – शक्त २२०.
सत्ताव – °इ,संतापयति ६४.
सत्ति – शक्ति ५३,५५, आदि.
सत्तिसिव – शक्ति + शिव ५३.
सत्थ – शास्त्र २४,१९९.
सद्द – शब्द १६८.
सप्प – सर्प १५.
सब्भाव – सद्भाव २८,२०४.
सम – श्रम ११३.
सम – सम २१५.
समत्त – सम्यक्त्व २१५.
समरसि – समरसिन् ४९,६४, १७६.
समाण – समान १२३.
समाहि – समाधि १३९, १७६, २१०.
समित्ति – संतृप्ति १६५.
समुद्द – समुद्र, समुद्र (समान +मुद्रा) १५०.
सम्माण – °उं-सन्मानयामि १३९.
सयल – सकल ७, १३ आदि.
सयलीकरण – सकली° १८४.
सरिजल – सरित्°१६७.
सरीर – शरीर १०२.
सरूव – स्वरूप १४२.
सलिल – (तत्सम) १४७.
सल्लडा – शल्य + डा ७४.
सव – सर्व ८९, १०३.
सवण्ण – स्ववर्ण, सवर्ण ३०, १५९.
सव्व – सर्व २७, ३२,६५ आदि.
सव्वंग – सर्वांग १३६.
सव्वंगअ – सर्वांग+क ५०.
ससि – शशिन् २१९, २२०.
सह – °इ-सहते १६; °हंत-सह-मान ८; °हेइ-°हते ११८.
सहज – (तत्सम) १७०.
सहस त्ति – सहसा + इति ९५.
सहाव°व – स्वभाव २२, ३७, आदि.

सहि – सखि ४५, १२२ आदि.
सहिय – सहित ५३.
सहु – सह २०, १४८.
संकप्प – संकल्प ५६, १४२.
संग – (तत्सम) १०२, १४८.
संगहिअ – संगृहीत ८४.
संख – शंख १४९, १५१, १५७.
संघट्ट – °इ-संघट्टति १६७.
संचर – °इ-संचरति ८९; °उ -°तु १०४.
संजम – संयम ११३.
संठिय – संस्थित ९९.
संत – सत् ३८, ९४, १२४.
संतावि – संतापिन् १३०.
संताव – °विज्जइ-सताप्यते १७८, १९५,२१४.
संतोस -- संतोष २.
संदेह -- सन्देह १२,२०३.
संधाण – सन्धान १२१.
संधिय – संहित १२१.
संभव – °इ-°ति ५४.
संवर – (तत्सम) २०७.
संसार – (तत्सम) १६,३६, आदि.
संहारि -- संहारिन् १७०.
सामल -- श्यामल २६,३०.
सामिअ--स्वामिन् २८,५४,१८३.
सार -- (तत्सम) ६८,२०९.
सालिसित्थ – शालिसिक्थ,नाम, ५ (देखो टिप्पणी).
सावय -- श्रावक ९६.
सास -- श्वास १४,२०३.
सासय -- शाश्वत ४,६३.
साहिक – साधक, या सहायक १२०.
सि -- असि ४४,८५,१४१.
सिअ – शिव ३८,५०,१६०.
सिक्ख -- शिक्षा १५३.
सिक्ख -- °वमि-शिक्षयामि १०६; °क्खि-शिक्षय ८४; °क्खियव्व-शिक्षितव्य ९८.
सिग्घ -- शीघ्र ५३.
सिज्ज -- °ए-सीव्यते २१३.
सिट्ठ -- शिष्ट ९.
सिद्ध -- (तत्सम) १२६,२१५.
सिद्धत्तण – °त्व ८८.
सिद्धंत – सिद्धान्त १२६.
सिद्धि – (तत्सम) ४८,१३४, १४३.
सिर – शिरस् १३५.
सिव – शिव ५५,१२७.
सिवतत्त – शिव + तत्त्व १२१.
सिवदेअ – शिव + देव ५४.
सिवपअ – शिव + पद १३.
सिवपुरि – शिवपुरी ९७,२११.
*सिप्पि – शुक्ति १५७,(हि-सीप).

सिस्सिणी – शिष्याणी १७४.
सिह – सह १२७.
सिहु – सह ६४,११०,१६८.
सिंग – शृंग ७०.
सीलवण – शील + वन १५६.
सीस – शिष्य २७.
सीस – शीर्ष १७७.
सु – सः ६८.
सुअ – सुप्त १८२.
सुइ – श्रुति ९८,१०३.
सुक्क – °इ-शुष्यति ९७.
सुक्ख – सुख १०,११,२४,
आदि.
सुक्खअडा – सुख + क + डा.
१०६.
सुक्खडा – सुख + डा १८९.
सुगुरुवडा – सु + गुरु + क + डा
१३०.
सुघण – सु + घन १४८.
सुणह – श्वन् १९५.
सुण्ण – शून्य १२१,२१२, आदि.
सुद्ध – शुद्ध ६,३७,१६२.
सुपसिद्ध – सुप्रसिद्ध २०८.
सुमर – °हिं-स्मरन्ति १०३.
सुमिट्ठ – सुमिष्ट १८.
सुम्म – °इ-श्रूयते १८८.
सुरतग – (सुरतक) १५२.
सुवेय – °इ-सु + वेत्ति १६५.
सुव्व – °इ-स्वपिति २०६.
सुह – सुख २,३,४ आदि.
सुह – शुभ ७२,१४२.
संधुक्की – संधुक्षित, प्रदीप्त ८७.
(सन्धुक्ष-प्रदीप्, हेम ४,
१५२.)
सूई – सूची २१३.
सूर – शूर २८,२२.
सूर – सूर्य ७५.
सेव– °इ-सेवते १९४; °वाइ-सेवते
१३१; °हि-सेवसे १२०,
२०५; °वंत-सेवमान २००.
सेवड – श्वेताम्बर ३२.
सेविअ – सेवित २०.
सेस – शेष (शूद्र) ३१.
सो – सः १६,२२ आदि;
तम् ४६,१६०.
सोइ – सोऽपि ११७,१७५.
सोक्ख – सौख्य ६३,१२३,२१३.
सोव – °वइ-स्वपिति ४६;
°उ-स्वपितु १४४.
सोस – शोष २.
सोसण – शोषण १६.

ह

हउं – अहम् २६,३१,३२,५१,
१७४.

हण – °णंत-घ्नत् ६५; °णेवि-हत्वा ६६,१७२.

हत्थ – हस्त ९४,११५,१५० आदि.

हत्थडा – हस्त + डा ८६.

हत्थिय – हस्तिन् १५५.

हयास – हताश १५२.

हर – °रेप्पिणु हृत्वा २१५.

हरिण – (तत्सम) १४६.

हरिस – हर्ष ४८.

हल °लि – सम्बोधनार्थक अव्यय ४१,४५,१२२,१३६,१३९.

*हलोल – हिल्लोल २२० (हि-हिलोर).

हंहिंडिय – हंहिण्डित (भ्रशार्थे) १७९.

हास – (तत्सम) १८६.

हि – (तत्सम) अव्यय १६७.

हिमकरण – हिमकिरण (चन्द्र) १.

हियअ – हृदय २,४,१४२.

हियडा – हृदय + डा ५,५९, ७६ आदि.

हु – °इ-भूत्वा ४९; हुंति-भवन्ति २१३.

हुयवह – हुतवह १४९.

हुववह – हुतवह १२०.

हू – °वइ-भवति १७६; °व-भूत १६२ (देखो हु).

हेउ – हेतु २४,६०.

हो – °इ-भवति ४६, ५१ आदि. °उ-भवतु १३८; होंति-भवन्ति ७०,२००; °सइ भविष्यति १६१, १७०; °साहिं-भविष्यन्ति ११९; °हि-भवसि २९,भव ४३.

टिप्पणी

टिप्पणी

३. 'देविहिं कोडि' का "करोड़ों देवियों के साथ" अर्थ करने में 'कोडि' शब्द में तृतीया विभक्ति का लोप मानना पड़ेगा, अर्थात् कोडि यहां कोडिहिं (कोटिभिः) के बराबर है। कोटि को सप्तम्यन्त मानकर 'देवियों की कोटि में' अर्थ भी सम्भव है।

९. 'सालिसित्थ' का उल्लेख कुन्दकुन्दाचार्यकृत 'भाव पाहुड' की निम्न गाथा में आया है—

> मच्छो वि सालिसित्थो असुद्धभावो गओ महाणरयं।
> इय णाउं अप्पाणं भावह जिणभावणं णिच्चं ॥ ८८ ॥

अर्थात् 'सालिसित्थ मच्छ भी अशुद्ध भाव के कारण महानरक को गया। ऐसा जानकर जिन भगवान् द्वारा उपदिष्ट रीति से अपने आत्मा की भावना कर'।

इस गाथा पर श्रुतसागरजी ने अपनी टीका में शालिसिक्थ की यह कथा दी है। पुष्पदन्त तीर्थंकर की जन्मभूमि काकन्दीपुरी में सौरसेन नाम का राजा था। उसने श्रावक के व्रत लिये थे और मांसभोजन का त्याग किया था, किन्तु एक वेदानुयायी रुद्रदत्त की संगति से उसकी मांस-भोजन की इच्छा हुई। व्रतभङ्ग और

लोकापवाद के डर से वह प्रकटरूप से मांस न खा सका। अतएव उसने अपने एक कर्मप्रिय नामक रसोइये को गुप्तरूप से मांस पकाने के लिये कहा। रसोइया प्रतिदिन नानाप्रकार के जीवों का मांस पकाता किन्तु किसी न किसी अड़चन के कारण राजा उसे खा न पाता। कर्मप्रिय को एक दिन सांप ने डस लिया जिससे मरकर वह स्वयंभूरमण समुद्र में महामत्स्य हुआ। राजा मांसभोजन की इच्छा को तृप्त न कर पाया किन्तु लोलुपता के कारण मरकर उसी महामत्स्य के कान में शालि अर्थात् तंदुल के आकार का कीड़ा हुआ। वह उस महामत्स्य के मुख में अनेक जलचर जन्तुओं को प्रवेश करते हुए और पुनः बाहर आते हुए देखकर अपने मन में कहता 'अहो, यह मत्स्य बड़ा मूर्ख और अभागी है जो अपने मुँह में आये हुए जन्तुओं को भी छोड़ देता है। यदि मैं इतना बड़ा मुँह पाता तो सारे समुद्र को जीवरहित कर डालता'। इस प्रकार मांस खाने की शक्ति न होते हुए भी कुभावना के कारण शालिसिक्थ मर कर सप्तम नरक को गया।

दोहा ४ और ५ का भगवद्गीता के निम्न श्लोकों से मिलान कीजिये—

न कर्मणामनारम्भान्नैष्कर्म्यं पुरुषोऽश्नुते।
न च संन्यसनादेव सिद्धिं समधिगच्छति ॥ ४ ॥
न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।
कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः ॥ ५ ॥

कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन्।
इन्द्रियार्थान्विमूढात्मा मिथ्याचारः स उच्यते ॥ ६ ॥
यस्त्विन्द्रियाणि मनसा नियम्यारभतेऽर्जुन।
कर्मेन्द्रियैः कर्मयोगमसक्तः स विशिष्यते ॥ ७ ॥

[अध्याय ३.]

११. इस दोहे की दूसरी पंक्ति परमात्मप्रकाश २५४ में इस प्रकार है—

तो वरि चिंतहि तउ जि तउ पावहि मोक्खु महंतु।

इसका हिन्दी अनुवाद किया गया है 'इस कारण तूँ तप की चिन्ता कर जिससें महान् मोक्ष की प्राप्ति हो'।

१९. यह गाथा 'उक्तं च' रूप से श्रुतसागर ने भाव-प्राभृत की १०८ वीं गाथा की टीका में उद्धृत की है।

२१. पांच महाव्रत (अहिंसा, अचौर्य, सत्य, ब्रह्मचर्य व परिग्रह), पांच समिति (ईर्या, भाषा, एषणा, आदान-निक्षेपण व प्रतिष्ठापना), पंचेन्द्रिय-निग्रह, छह आवश्यक (सामायिक, स्तुति, वंदना, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान व कायोत्सर्ग), और सात अन्य गुण (केशलौंच, अचेलत्व, अस्नान, क्षितिशयन, अदंतधावन, स्थितिभोजन व एकभक्त), ये अट्ठाइस साधनायें जैन मुनियों के मूल-गुण कहलाते हैं। इनका विवरण स्वामी वट्टकेर कृत मूलाचार के प्रथम अध्याय में देखिये।

उत्तरगुणों की संख्या चौरासी लाख कही गई है। परिचय के लिये मूलाचार का ग्यारहवाँ अध्याय देखिये।

इसी भाव के लिये देखो दोहा १०९.

२३. यह गाथा कुन्दकुन्दाचार्य कृत भावप्राभृत में निम्न रूप में पाई जाती है—

सो णत्थि तं पएसो चउरासीलक्खजोणिवासम्मि।
भावविरओ वि सवणो जत्थ ण डुरुडुल्लिओ जीव
(जीवो) ॥४७॥

२२. खवणअ से क्षपणक अर्थात् दिगम्बर और सेवड से श्वेताम्बर का अभिप्राय है। देवसेन ने अपने दर्शनसार तथा भावसंग्रह दो ग्रंथों में सेवडसंघ की उत्पत्ति के सम्बन्ध में निम्न गाथा लिखी है:—

छत्तीसे वरिससए विक्कमरायस्स मरणपत्तस्स।
सोरट्ठे वलहीए उप्पण्णो सेवडो संघो॥
दर्शन०, ११; भाव० ५२.

अर्थात् विक्रमादित्य की मृत्यु के १३६ वर्ष पश्चात् सौराष्ट्र देश के वल्लभीपुर में श्वेताम्बर संघ उत्पन्न हुआ।

यह दोहा परमात्मप्रकाश ८३ में भी पाया जाता है। वहां संस्कृत टीका में वंदक का अर्थ बौद्ध किया गया है।

३८. इस दोहे का भगवद्गीता के निम्न वाक्य से मिलान कीजिये—

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥ १८, ६६.

३९. मोक्ष प्राभृत की ५० वीं गाथा की टीका में श्रुतसागर ने निम्न दोहा उद्धृत किया है —

जीवा जिणवर जो मुणइ जिणवर जीव मुणेइ।
सो समभावपरिट्ठियउ लहु णिव्वाणु लहेइ॥

४०. अनुवाद में 'जिणु' कर्ता कारक में लिया गया है। उसे कर्म कारक में लेकर निम्न प्रकार अनुवाद किया जा सकता है। '(कोई कहता है) जिन को जानो, जिन को जानो'। इसी प्रकार दोहा नं ४१ में भी किया जा सकता है।

४२. अनुवाद में प्रथम पंक्ति का संस्कृत रूपान्तर इस प्रकार लिया गया है—

'उत्पलानि दृष्ट्वा करभः (गजशावः) दाम मोचयति यथा चरति'। उक्त पंक्ति का रूपान्तर निम्न प्रकार भी किया जा सकता है—'उत्पल्याणय योगिन् करभकं (उष्ट्रं) दाम मुञ्च यथा चरति'। अर्थात् 'हे जोगी, ऊँट पर पलान रख और उसका बन्धन छोड़ जिससे वह आगे चले'। किन्तु दूसरी पंक्ति के भाव के अनुसार

प्रथम दिया हुआ अर्थ ही अधिक उचित है यद्यपि व्याकरण की दृष्टि से द्वितीय अर्थ अधिक अच्छा है क्योंकि प्रथम अर्थ में 'उपलाणहि' का उत्पलानि और 'छोडहि' का मोचयति रूपान्तर शंका के परे नही है।

५५. शिव और शक्ति को ही सांख्य दर्शन में पुरुष और प्रकृति, वेदान्त में ब्रह्म और माया तथा जैन सिद्धान्त में जीव और अजीव कहा है।

५६. वेदान्त में चित्त या मन की परिभाषा यह पाई जाती है—'संकल्पविकल्पात्मिका वृत्ति मनः' अर्थात् संकल्प विकल्प रूप वृत्ति का ही नाम मन है जिसका मूल अज्ञान है। जब जीव पूर्णतः ध्यानमय या समाधिस्थ हो जाता है तब यह संकल्प विकल्प रूप वृत्ति नष्ट हो जाती है अर्थात् मन का लय हो जाता है।

५७. आत्मा के निर्मल होने से जो सर्वज्ञता का उदय होता है उसे ही जैन सिद्धान्त में केवल ज्ञान कहा है।

६३. रिसह=ऋषभ जैनियों के प्रथम तीर्थंकर हुए हैं जिन्होने इस युग में ऋषिधर्म चलाया।

६५. 'सयलइं धम्म कहंतु' का 'सब धर्मों का व्याख्यान करता हुआ' यह अर्थ भी हो सकता है। इस अर्थ में धर्मों से बाह्य सत्क्रियाओं का अभिप्राय है। अर्थात् जो व्यक्ति

बाहरी आचार-विचार का पूरा पंडित और उपदेशक है उसके मन में यदि आत्मा के सच्चे स्वरूप की भावना उत्पन्न नही हुई तो वह भी मोक्ष नही पा सकता ।

६६. जीव के रागद्वेषादि परिणामों से जो जीव और कर्म-परमाणुओं का बन्ध होता है उसे कर्म कहतें हैं । कर्म का स्वभाव आत्मा के गुणों को दबाने या ढक लेने का है । वह आठ प्रकार का माना गया है– ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय । इन्ही आठ बंधों के प्रभाव से जीव को संसार की भिन्न भिन्न अवस्थाओं का अनुभव होता है ।

६८. जैनधर्म में वस्तुओं के स्वरूप को समझने तथा वर्णन करने के दो दृष्टि-कोण हैं जिन्हे नय कहते हैं एकनिश्चय नय और दूसरा व्यवहार नय । निश्चय नय में वस्तु के असली, अमिट स्वरूप का ही विचार किया जाता है, तथा व्यवहार में उसके क्षेत्रकालादि परिस्थिति पर ध्यान देकर विचार किया जाता है । प्रस्तुत दोहे का तात्पर्य यह है कि आत्मा का असली स्वरूप, निश्चय नय से तो चैतन्य अर्थात् देखना और जानना (दर्शन और ज्ञान) है, किन्तु व्यवहार में इन्द्रिय, मन, बुद्धि आदि का व्यापार भी आत्मा का रूप माना जाता है । दोहे की दूसरी पंक्ति में योगियों को निश्चय नय से आत्मा को पहचाने तथा अगले दोहे में व्यवहार दृष्टि को छोड़ने का उपदेश दिया गया है । देखो भावपाहुड़ की निम्न गाथा–

एगो मे सस्सदो अप्पा णाणदंसणलक्खणो ।
सेसा मे वाहिरा भावा सव्वे संजोगलक्खणा ॥५९॥

७४. दोहे का सारांश यह है कि जिस प्रकार अणुमात्र कांटा भी यदि शरीर में चुभ जावे तो पीड़ा उत्पन्न होती है, उसी प्रकार अणुमात्र भी परभाव जब तक आत्मा में बना हुआ है तब तक उसे सच्चा सुख अर्थात् मोक्ष नही मिल सकता । देखो बोधपाहुड—

तिलतुसमत्तणिमित्तं समवाहिरगंथसंगहो णत्थि ।
पव्वज्ज हवइ एसा जह भणिया सव्वदरिसीहिं ॥ ५५ ॥

७७. यह दोहा थोड़े से परिवर्तन के साथ पुन नं. १९३ पर पाया जाता है ।

८६. दोहे का भावार्थ पूर्णतः स्पष्ट नही है । तात्पर्य यह समझ पड़ता है कि जिस प्रकार वंश अर्थात् उच्च वंश की प्राप्ति न होने से डोम दूसरों के हाथ जोड़ते हैं, अर्थात् पराधीन रहते हैं उसी प्रकार जो शब्दाडम्बर का ही अभिमान करके सच्चे ज्ञान की प्राप्ति नही करते वे मुक्त नही हो पाते, अर्थात् संसार में ही भ्रमण करते हैं ।

८७. जैसे अग्नि का कण प्रज्वलित होकर वन के हरे व सूखे सभी झाड़ों को भस्म कर डालता है उसी प्रकार एक आत्म-ज्ञान, पूर्णता को प्राप्त होने पर, समस्त पुण्य और पाप का नाश करके मुक्ति का मार्ग साफ कर देता है । ऊपर दोहा ७२ में

कह आये हैं कि पुण्य और पाप क्रमशः सुख और दुःख के कारण हैं। मुक्ति दोनों के नाश होने से ही मिल सकती है।

९४. इस दोहे का अर्थ कुछ अस्पष्ट है। अधिक अच्छे अर्थ के अभाव में मैंने ऐसा अर्थ लगाया है। हाथ अर्थात् भुजा–मूल से नीचे जो हृदय–स्थान है वही आत्मदेव का मंदिर है। वह ऐसा सुरक्षित है कि वहां काल का भी प्रवेश नही हो सकता। वहीं अर्थात् अपने गूढ हृदय में ही उस सच्चिदानन्द को ढूँढना चाहिये।

९५. इस दोहे का परमात्मप्रकाश में कुछ भिन्न पाठ पाया जाता है—

अप्पापरहं ण मेलयउ मणु मारिवि सहसत्ति।
सो वढ जोएं किं करइ जासु ण एही सत्ति ॥२८८॥

प्रस्तुत दोहे का निम्न उपनिषद् वाक्य से मिलान कीजिये।

नायमात्मा बलहीनेन लभ्यो
न च प्रमादात्तपसो वाप्यलिंगात्।
एतैरुपायैर्यतते यस्तु विद्वां
स्तस्यैष आत्मा विशते ब्रह्मधाम ॥
मण्डूक, ३, ४.

९६. प्रथम पंक्ति का संस्कृत रूपान्तर इस प्रकार लिया गया है 'स योगी यत् योगपतिः निर्मलं ज्योतिः पश्येत्'। निर्मल ज्योति से तात्पर्य शुद्ध आत्मा का है।

९७. यहां एक अक्षर से तात्पर्य सम्भवतः ॐ से है जो ब्रह्म, परमात्म या सोऽहं का भाववाचक है।

९८. इस दोहे का निम्न श्लोक से मिलान कीजिये—

अनन्तपारं किल शब्दशास्त्रम्
स्वल्पं तथायुर्बहवश्च विघ्नाः।
सारं ततो ग्राह्यमपास्य फल्गु
हंसो यथा क्षीरमिवाम्बुमध्यात्॥

९९. निर्लक्षण, लोवाह्य और अकुलीन, कुत्सित नायक तथा शुद्ध आत्मा के विशेषण हैं। आत्मा के अर्थ में अकुलीन का अर्थ होगा 'न कौ पृथिव्यां लीनः' अर्थात् जो पृथ्वी व संसार में लीन न हो। अन्य दो विशेषण दोनों अर्थों में स्पष्ट ही हैं। दूसरी पंक्ति का भाव यह प्रतीत होता है कि जिस प्रकार शुष्क और नीरसहृदय व्यक्ति के प्रेम में पड़कर नायिका अनेक शृंगार करने पर भी उसे नहीं लुभा सकती, उसी प्रकार शुद्ध आत्मा इन्द्रियविषयों द्वारा सदाकाल बन्धन में नहीं रक्खा जा सकता। यही भाव अगले दोहे में भी है। भक्त का प्रेयसी बनकर परमात्मा को प्रेमी के रूप में सम्बोधन करने की प्रणाली पुरानी भक्तिरस-प्रधान कविता में बहुत पाई जाती है।

१०२. तात्पर्य यह कि जब तक थोड़ा भी शरीर का मोह रहेगा तब तक इष्ट-वियोग और अनिष्ट-संयोग से दुःख की उत्पत्ति

होगी। जब जीव सर्वथा निर्मम हो जाता है तब उस पर सांसारिक द्वन्द्व का कोई प्रभाव नही पड़ता। देखो ऊपर दोहा ७४.

१०३. तात्पर्य यह कि बहुधा लोग कहा करते हैं कि यौवन में संसार के सुखों का पूरा आनन्द लेकर वृद्धावस्था में धर्मसेवन कर लेंगे और अगला भव सुधार लेंगे। किन्तु जब बुढापा आता है तब शरीर की शिथिलता के साथ मन की सब शक्तियां भी नष्ट हो जाती हैं। उस समय धर्मसाधन की कौन कहे परमात्मा का स्मरण करनेवाले भी बहुत थोड़े ही निकलते हैं। अधिकतः लोग आर्तध्यान में ही समय बिताते हैं।

१०४. अर्थात् जिसका मन सांसारिक पदार्थों से हट कर मन के परे जो आत्मा है उसमें स्थिर होगया उसे फिर संसार के मायाजाल में फंसने का डर नही रहता।

१०६. दोनों मूल पोथियों में ' सुक्खडा ' पाठ है किन्तु इसमें एक मात्रा की कमी होने से छंदोभंग होता है इससे ' सुक्खअडा ' पाठ कर दिया गया है।

१०७. ' जोइ ' अनुवाद में ' पश्य ' के समरूप लिया गया है। यदि उसे ' योगिन् ' के समरूप मानें तो यह अर्थ होगा " जो देह से भिन्न, ज्ञानमय है, हे जोगी, वही आत्मा तूँ है। "

१०८. ' पुत्तिए ' (पुत्रिके) अम्मिए (अम्बिके) के सदृश सम्बोधनार्थ अव्यय सा प्रतीत होता है। धनपाल कृत

भविसयत्तकहा में आश्चर्य के अर्थ में 'पुत्ति चोज्जु' अव्यय अनेक वार आया है। (देखो भविस. ४, ७, ९ आदि). इसका अर्थ 'अहो आश्चर्य है' ऐसा करना चाहिये। डाक्टर गुणे ने उसे एक ही शब्द के रूप में लिया है।

१०९. जिस प्रकार मूल को छोड़ कर एकदम वृक्ष की डाल पर चढना दुस्साध्य है उसी प्रकार मूल गुणों का पालन किये विना उत्तर गुणों का पालन नही हो सकता। इसी भाव के लिये देखो ऊपर दोहा २१.

११०. जिनकी भ्रान्ति मिट गई और चेतनभाव जागृत होगया उनका पर के साथ ऊपरी संसर्ग रहने पर भी कोई कर्मबन्ध नही होता। 'आत्मा पर के साथ खेलता है' इसका तात्पर्य यह है कि उसका पर के साथ घना सम्बन्ध नही होता, कमलपत्र और जलविन्दु सदृश साथ रहता है।

१११. यहां करभ से तात्पर्य इंद्रियों सहित मन से है। जिसने मन को जीत लिया वह सब प्रकार मुक्त हो जाता है।

११२. हिन्दी व मराठी में पैगाम लगाम या प्रग्रह को कहते हैं और 'विल्लडिय' कदाचित् 'लड उत्क्षेपणे' धातु से बना है [विलडित]। इसी आधार पर अनुवाद किया गया है।

इसके पश्चात् एक मणकरहा-जयमाल नामक अप्रकाशित अपभ्रंश कविता में हमने निम्न पद्य पढा—

मणकरहु जु बंधिवि चरि थरइ तवचिल्लडी चरावइ।
परियाणिवि कालहो तणिय गइ संजमभंड भरावइ॥

इस पद्य में 'तवविल्लडी चरावइ' का जो भाव है उस पर से प्रस्तुत दोहे की प्रथम पंक्ति का संस्कृत रूप हमें इस प्रकार जँचा— 'करभ चर जिनगुणस्थल्यां तपोवल्लीं प्रकामम्' जिसका अनुवाद है 'हे करभ! जिनगुण रूपी स्थली में तप रूपी वेल को यथेच्छ चर'। 'चर' का अर्थ 'खाना' और 'आचरण करना' दोनों हैं। यह अर्थ अधिक अच्छा है।

११३. 'भियमडा' का अर्थ समझ में नहीं आया। प्रसङ्ग से जान पड़ता है कि यह ऊँट की सजावट में उपयोगी किसी वस्तु का नाम है

११४ 'अडुवियदहं' से 'अटव्याः अटवीम्' अर्थ लिया गया है। यह कहां तक ठीक है यह मैं विश्वासपूर्वक नहीं कह सकता।

११५ अनुवाद में 'पत्र' की जगह 'वाट' (मार्ग) होना चाहिये। तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार मार्ग से बहुत दूर जो वृक्ष है उससे पथिकों को कोई लाभ नहीं, इसी प्रकार सन्मार्ग से जो व्यक्ति च्युत है उसके धन वैभव से जीवों का कोई उपकार नहीं हो सकता।

११६. हिन्दू धर्म के षट् दर्शनों के नाम ये हैं— सांख्य,

योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा और वेदान्त। इनके पक्षकारों में बहुत काल से वाद विवाद होता रहा है।

११७. इस दोहे का संस्कृत रूपान्तर ऐसा लिया गया है–

आत्मन्! मुक्त्वा एकं परं अन्यो न वैरी कोऽपि।
येन विनिर्मितानि कर्माणि यतिः परं स्फेटयति सोऽपि॥

दूसरी पंक्ति का अन्वय है 'येन कर्माणि विनिर्मितानि (तं) परं (यः) स्फेटयति सोऽपि यतिः।

१२६. प्रथम पंक्ति का इस प्रकार भी अनुवाद किया जा सकता है– हे मूर्ख, सिद्धान्त और पुराणों को समझ। समझने वालों के भ्रान्ति नही रहती।

१२८. इस दोहे का कठोपनिषद् के निम्न पद्य से मिलान कीजिये:—

अविद्यायामन्तरे वर्तमानाः स्वयंधीराः पण्डितं मन्यमानाः।
दन्द्रम्यमाणाः परियन्ति मूढा अन्धेनैव नीयमाना यथान्धाः।
१।२।५.

१३६. तात्पर्य यह है कि एकाग्र चित्त से आत्मध्यान में रत रहने वालों के आत्मा में कर्मबन्ध नही होता। तथा जो परमार्थ की इच्छा करता है वह पुण्य-प्रकृतियों के नाश से दुःख नहीं मानता। अर्थात् परमार्थ की इच्छा करनेवाला और आत्मध्यान में रत रहने वाला पुरुष पापप्रकृतियों के साथ पुण्यप्रकृतियों

का भी नाश कर देता है और नये कोई कर्मबन्ध नहीं करता। इस प्रकार वह मोक्ष का अधिकारी हो जाता है।

१३७. इस दोहे की दूसरी पंक्ति का अर्थ अस्पष्ट है। अनुवाद के अनुसार दोहे का भाव यह है। कोई संसार के गमनागमन अर्थात् जन्म-मरण से मुक्त, त्रैलोक्य में प्रधान आत्मा को देव मानता है, जैसे जैनियों के सिद्ध, और कोई गंगा नदी आदि स्थानों में ही देवत्व की स्थापना करता है। इन दो भावों में प्रथम में सद्ज्ञान है और दूसरे में अज्ञान।

१४२ सुहासुहाजणयं=शुभ+अशुभ+आजनकम्।

१४६. यह दोहा 'उक्तं च' रूप से श्रुतसागर ने भावप्राभृत की १६२ वीं गाथा की टीका में निम्न रूप में उद्धृत किया है:—

सीसु नमंतहं कवणु गुणु भाउ कुसुद्धउ जाहं।
पारद्धी दूणउ नमइ दुकंतउ हरिणाहं॥

१४७. इस दोहे की प्रथम पंक्ति परमात्मप्रकाश २०१ और श्रुतसागर की चारित्र पाहुड़ पर ४१ वीं गाथा की टीका में इस प्रकार पाई जाती है–

णाणविहीणहं मोक्खपउ जीव म कासु वि जोइ।

१५७. इस दोहे का अर्थ अस्पष्ट है। किन्तु ज्ञात होता

है कि विषयलोलुपी व्यक्तियों को लक्ष्य करके दोहा लिखा गया है। भाव ऐसा कुछ प्रतीत होता है कि हे विषयी जीव, जब तक यह शरीर शिथिल नहीं हुआ तब तक के ही यह तेरे स्पर्श और जिह्वा इन्द्रियों के सुख हैं, जिस प्रकार कि सीप (शुक्ति) का सुख तभी तक है जब तक वह फूटी नहीं है।

१५८-९ यह शिवपूजन में बेलपत्री चढानेवालों को लक्ष्य करके कहा गया है। बेलपत्रादि हरित वस्तुओं में भी चैतन्य आत्मा का वास है। उनके चढाने से मोक्ष नहीं मिलता। मोक्ष का मार्ग तो एक आत्मध्यान है।

१६०. यह शिवपूजन के लिये पत्ती तोडनेवालों को हास्यरूप में कहा गया है कि यदि शिवदेव को पत्ती प्रिय है तो उन्हे ही वृक्ष पर क्यों न चढा दिया जाय जिससे वे मनमानी पत्ती खा सकें ?

१६४. यहां दो 'न' का भाव प्रकृत्यर्थ सूचक नहीं है।

१६५. यहां 'एक्कु' से तात्पर्य जीव, आत्मा या चैतन्य से और 'अण्णु' का अजीव, अचेतन, जड पदार्थों से है। दूसरी पंक्ति में 'तासु' का सम्बन्ध आत्मा से है। इस आत्मा का ज्ञान केवल स्वानुभव से ही हो सकता है, पूछा पूछी या लिखने पढने आदि से नहीं। इस भाव का कठोपनिषद् के निम्न पद्य से मिलान कीजिये—

नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन।
यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वाम्॥
१, २, २३.

१६६. इस दोहे का कठोपनिषद् के निम्न वाक्यों से मिलान कीजिये—

श्रवणायापि बहुभिर्यो न लभ्यः
शृण्वन्तोऽपि बहवो यं न विद्युः।
आश्चर्यो वक्ता कुशलोऽस्य लब्धा-
श्चर्यो ज्ञाता कुशलानुशिष्टः॥ १, २, ७.
नैषा तर्केण मतिरापनीया।
प्रोक्तान्येन सुज्ञानाय प्रेष्ठ॥ १, २, ९.

१६७. दोहे का मुख्य तात्पर्य क्या है यह स्पष्ट नही हुआ। सम्भवत: उसका भाव यह है कि 'वादे वादे जायते तत्वबोधः'।

१६८. इस दोहे के भाव का अंग्रेजी के प्रसिद्ध कवि वर्ड्सवर्थ के निम्न लिखित पद्यों के भाव से मिलान कीजिये—

Have not we too ? yes, we have,
Answers, and we know not whence;
Echoes from beyond the grave,
Recognised intelligence !
Such rebounds our inward ear
Catches sometimes from afar—
Listen, ponder, hold them dear;
For of god – of god they are.

१७०–१७२ इन तीन दोहों में योग व ध्यान की उस अवस्था का वर्णन है जिसे वेदान्त में निर्विकल्पक समाधि कहा है। उस समय योगी को लय, विक्षेप, कषाय और रस इन चार विघ्नों से सचेत रहना चाहिये जैसा गौडपाद कारिका ३, ४४–४५ में कहा है–

लये सम्बोधयेच्चित्तं विक्षिप्तं शमयेत्पुनः।
सकषायं विजानीयाच्छमप्राप्तं न चालयेत्॥
नास्वादयेद्रसं तत्र निःसङ्गः प्रज्ञया भवेत्॥

इसी अवस्था को जैनाचार्यों ने रूपातीत ध्यान कहा है जिसके सम्बंध में शुभचन्द्र ने ज्ञानार्णव में कहा है—

वदन्ति योगिनो ध्यानं चित्तमेवमनाकुलम्।
कथं शिवत्वमापन्नमात्मानं संस्मरेन्मुनिः॥१७॥
विवेच्य तद्गुणग्रामं तत्स्वरूपं निरूप्य च।
अनन्यशरणो ज्ञानी तस्मिन्नेव लयं व्रजेत्॥१८॥
[प्रकरण ४०]

१७६. मन की वेल का चारण न होने दिया, अर्थात् मन की वेल को न बढ़ने दिया, अर्थात् मन का लय कर डाला। हम 'ण' को 'नु' (ननु) के अर्थ में लेकर यह अर्थ भी कर सकते हैं कि जिसने मन की वेल को चरा डाली अर्थात् नष्ट कर दी। सावयधम्मदोहा में 'ण' नु के अर्थ में कई बार आया है।

१७७. यह दोहा जिस रूप में है उससे उसकी दूसरी

पंक्ति का कुछ स्पष्ट अर्थ समझ में नहीं आता। यही दोहा हेमचन्द्र ने अपनी प्राकृत व्याकरण के ४ थे पाद के ३९६ सूत्र के उदाहरण में इस प्रकार उद्धृत किया है—

जइ केवँइ पावीसु पिउ अकिआ कुड्ड करीसु।
पाणिउ णवइ सरावि जिवँ सव्वंगे पइसीसु॥

इसका अर्थ है–यदि किसी प्रकार मैं अपने प्रिय को पा जाऊँ तो अपूर्व कौतुक करूँ। नये सकोरे (मिट्टी के प्याले) में रक्खे हुए पानी के सदृश मैं उसके सर्वांग में प्रवेश कर जाऊं। (या मैं उसमें सर्वांग प्रवेश कर जाऊं)। यह भाव परमात्मध्यान के सम्बन्ध में भी अच्छी तरह योजित किया जा सकता है। सम्भवतः हमारे ग्रंथ के दोहे का भी यही शुद्ध रूप है। लिपिकारों के उसका अर्थ न समझने के कारण उसका पाठ भ्रष्ट हो गया है।

१८१. अर्थात् मनुष्य अपने दायें बायें जो इन्द्रियों के विषय हैं उनमें तो चित्त देता है किन्तु अपने ही बीच में जो परमात्मा निवास करता है उसकी ओर ध्यान नहीं देता। योगी वही है जो उस ओर ध्यान दे। योगशास्त्र में वाम और दक्षिण इडा पिंगला नाडियों के अर्थ में भी आते हैं।

१८२. यह दोहा मृत्यु अवस्था या निर्विकल्पक समाधि अर्थात् रूपातीत ध्यान के सम्बन्ध में योजित किया जा सकता है। उक्त दोनों अवस्थाओं में आत्मा शान्त भाव में लीन हो जाता है

और शरीर शून्य पड़ जाता है। इसका 'परमात्म प्रकाश' के निम्न दोहे से मिलान कीजिये—

देहि वसंतें जेण पर इंदियगामु वसेइ।
उव्वसु होइ गएण फुडु सो परमप्पु हवेइ॥ ४४॥

१८३. इस दोहे में शिष्य पूर्वोक्त रूपातीत ध्यान या निर्विकल्पक समाधि का उपदेश मांगता है।

१८४. सकलीकरण एक विधान है जो देवाराधना, देव-प्रतिष्ठादि में विघ्नशान्ति के हेतु किया जाता है। इसके लिये देखिये जयसेन कृत प्रतिष्ठापाठ ३७२—३७५: व आशाधर कृत प्रतिष्ठासारोद्धार २,५२—७०. इस विधान का महत्त्व आशाधरजी ने इस प्रकार बतलाया है—

वर्मितोऽनेन सकलीकरणेन महामनाः।
कुर्वन्निष्टानि कर्माणि केनापि न विहन्यते॥

प्रतिष्ठा. २, ७०.

गुजराती में 'गांगडो' का अर्थ छोटा सा टुकड़ा होता है। उसी पर से अनुवाद में गंगडु का क्षुद्र अर्थ किया गया है जो देव का या पूजक का विशेषण माना जा सकता है। 'गंगडु देउ' का अर्थ गंगा के देव भी हो सकता है। ग्रंथकार ने दोहा १६७ में भी गंगा में देवता माने जाने की समालोचना की है। प्रस्तुत दोहे में ग्रंथकार सम्भवतः पूजा प्रतिष्ठा सम्बंधी कर्मकाण्ड का खंडन कर रहे हैं,

जिसमें सकलीकरण क्रिया की जाती है तथा कमल के अष्ट पत्रों पर आठ प्रकार के जल-देवताओं का पूजन किया जाता है। इस पूजन में गंगादि देवताओं का आह्वान इस प्रकार किया जाता है—

गंगादिदिव्यसरिदंबुविभूतिभोक्त्री
गंगादिदेवतवधूर्विधिपूर्वमेताः।
अघ्र्यगंधतंदुलतांतचरुप्रदीप-
धूपप्रसूनकुसुमाञ्जलिभिर्यजेऽस्मिन् ॥
प्रतिष्ठासार, २।४३.

ग्रंथकार का कहना है कि आराधक न तो सकलीकरण के मर्म को समझता, न जिसे पूजता है उस कमलपत्र और जिससे पूजता है उस पानी के भेद को समझता, न आत्मा और पर के भेद को समझता। केवल ज्ञानहीन रूप से क्षुद्र गंगादि देवताओं की पूजा करता है।

१८८. यहां दो पंथों से कवि का क्या तात्पर्य है यह कहना कठिन है। क्या भक्ति और ज्ञान, या ज्ञान और कर्म से मतलब है? भगवद्गीता में दो प्रकार की निष्ठा बतलाई गई है, यथा

लोकेऽस्मिन्द्विविधा निष्ठा पुरा प्रोक्ता मयानघ।
ज्ञानयोगेन सांख्यानां कर्मयोगेन योगिनाम् ॥ ३, ३.

सम्भव है यहां कवि लौकिक और पारलौकिक या भौतिक और आधिभौतिक सुख की बात सोच रहे हैं। उनका कहना

है कि जो व्यक्ति अंध विश्वासों और सारहीन क्रियाओं को धर्म समझते हैं वे न भौतिक सुखों का ही लाभ उठाते और न आत्मा का ही कुछ कल्याण करते। दोहा १०५ में कवि ने नरक और स्वर्ग को जाने के दो पथों का उल्लेख किया है। आगे दोहा २१३ में इंद्रियसुख और मोक्ष के दो मार्गों का उल्लेख है।

१९०. इस दोहे में कवि ने मुक्ति के असाधारण स्वरूप का वर्णन किया है। साधारण नियम यह है कि जीवधारियों को बांध देने से उनकी गति रुक जाती है और बन्धन से छूटने पर वे चारों ओर भ्रमण करते हैं। किन्तु आत्मा का स्वरूप इससे विपरीत है। कर्म के बन्धन में बंधा हुआ आत्मा संसार की अनेक योनियों में भ्रमण करता है, किन्तु मुक्त होने पर सब आवागमन से रहित हो जाता है। इस प्रकार यह आत्मारूपी करहा विचित्र ही है।

१९१. इस दोहे का अर्थ कुछ अस्पष्ट है। अनुवाद में रहन्तु का अर्थ रक्षत् लिया गया है। 'रह' धातु का अर्थ छोड़ना, त्यागना होता है। 'अवराडइहिं' का अर्थ 'अपरकानि' [अवराणि] लिया गया है वह भी सन्देह से परे नहीं है। खंधा धारिउ (स्कंधावारितः) का अर्थ 'इन्द्रियों की फौज सहित' लिया गया है। अनुवाद के अतिरिक्त और कोई अर्थ मुझे यहां युक्तिसंगत नहीं जँचता।

१९२. इस दोहे का तात्पर्य भगवद्गीता के निम्न श्लोक के समान है--

या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी।
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः॥ २।६९.

मोक्षपाहुड की ३१ वीं गाथा की टीका में श्रुतसागर ने निम्न दोहा उद्धृत किया है:—

जा निसि सयलहं देहियहं जोग्गिउ तहिं जग्गेइ।
जहिं पुणु जग्गइ सयलु जगु सा निसि भणिवि सुएइ॥

१९३. संचित कर्मों के नाश करने को जैन सिद्धान्त में निर्जरा, और नये कर्मों के मार्ग को रोकने को संवर कहा है। इन दोनों क्रियाओं के पूर्ण होने पर मोक्ष होता है। यह दोहा थोड़े से भिन्न रूप में ऊपर नं. ७७ पर आ चुका है।

२०६. दोहे का तात्पर्य यह है कि समस्त मंत्रतंत्रादि क्रियाओं से रहित होकर, ध्येय, ध्यायक और ध्यान की विभिन्नता को भूलकर योगी आनन्द से सोता है, उसे इस संसार का कलकल रुचिप्रद नहीं होता

२०८. क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिञ्चन और ब्रह्मचर्य, ये धर्म के दश अंग हैं। इनका सुन्दर वर्णन अपभ्रंश भाषा में रइधू कवि ने अपने 'दहलक्खण-जयमाल' में किया है।

२११. अणुपेहा—अनुप्रेक्षा, अनुचिन्तन या भावना को कहते हैं। अंतरंग शुद्धि तथा वैराग्य भाव बढाने के लिये जैन धर्म में बारह भावनाएँ मानी गई हैं। ये बारह भावनाएँ हैं—अनित्य, अशरण, संसार, एकत्व, अन्यत्व, अशुचित्व, आश्रव, संवर, निर्जरा, लोक, धर्म और बोध। इनका वर्णन अपभ्रंश 'करकंडचरिउ' की नवमीं सन्धि में या कुन्दकुन्दाचार्य-कृत प्राकृत 'बारस अणुवेक्खा' में देखिये।

२१३. दो पंथों का उल्लेख दोहा १०५ और १८८ में आ चुका है। योग के कुछ ग्रंथों में वाम और दक्षिण मार्ग को छोड़ने का उल्लेख पाया जाता है।

२१४. कवि का तात्पर्य यह है कि उपवास से शरीर को संताप पहुंचता है और इसी संताप से यह इन्द्रियों का निवास दग्ध हो जाता है और आत्मा मुक्त हो जाता है।

२१५. यह दोहा कुछ भिन्न रूप में 'सावयधम्मदोहा' में भी है। उसके पाठ और अर्थ के लिये देखो सावय. ३०.

२१६. तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार जिसे चलते फिरते माणिक्य मिल जाता है तो वह उसे चुपचाप अपने अंचल में बांध लेता है और एकान्त में उसका निरूपण करता है, ठीक उसी प्रकार यदि आत्मज्ञान का अंकुर हृदय में जम गया हो तो संसार के जंजाल से पृथक् होकर स्वानुभव में चित्त को लगाना चाहिये।

२१७. **रत्ता गउपाविंयइं**=गोपायिते रक्ताः। आप्टे कृत संस्कृत अंग्रेजी कोष में गोपयति का एक अर्थ to shine; to speak भी दिया हुआ है इसी पर से अनुवाद में अपनी श्लाघा करने का अर्थ लिया गया है। उसी प्रकार 'गुप्यति' का अर्थ उक्त कोष में to be confused or disturbed दिया गया है, उसी पर से गुप्पंत=गुप्यन्तः का अर्थ 'भ्रान्त हुए' किया गया है। इस पंक्ति का अर्थ यों भी किया जा सकता है 'जो अपनी रक्षा में रत हैं वे छिपे छिपे भ्रमण करते फिरते हैं'। किन्तु पहला अर्थ इससे अच्छा है।

२१८. इस श्लोक का तात्पर्य यह है कि ज्ञान ही सब जीवन का सार है, क्योंकि उससे ही कर्मों का नाश होकर परम पद की प्राप्ति होती है। आहार शरीर के पोषण के लिये किया जाता है और शरीर का उपयोग ज्ञान सम्पादन में है। इस प्रकार आहार और शरीर भी अन्ततः ज्ञान के ही लिये हैं।

२१९-२२०. प्रश्न यह है कि प्रकृति में जो काल, वायु, सूर्य और चन्द्र ये चार शक्तियां दिखाई देती हैं उनमें प्रधान कौन है? किस शक्ति द्वारा इनका विनाश होता है? उत्तर है कि सूर्य, चन्द्र और पवन का कार्य काल के ऊपर निर्भर है। काल ही के द्वारा इनका प्रलय होता है। जैन सिद्धान्तानुसार सब द्रव्यों में परिवर्तन करनेवाला कालद्रव्य ही है। यथा—

यदमी परिवर्तन्ते पदार्था विश्ववर्तिनः ।
नवजीर्णादिरूपेण तत्कालस्यैव चेष्टितम् ॥

शुभचन्द्रकृत ज्ञानार्णव ६।३८.

चन्द्र में वनस्पतियों के पोषण करने की शक्ति है इसी लिये उसे ' ओषधीनाम् पतिः ' भी कहा है ।

' सत्त रज्जु तम पिल्लि करि ' [सात रज्जु अंधकार को पेल कर] रज्जु जैन सिद्धान्त में एक माप है । इसके अनुसार समस्त लोकाकाश चौदह रज्जु ऊंचा माना गया है । मध्यलोक ठीक बीच में है उससे सात रज्जु नीचे तक अधोलोक, तथा सात रज्जु ऊपर तक ऊर्ध्वलोक है, यथा—

आयामस्तु त्रिलोकानां स्याच्चतुर्दश रज्जवः ।
सप्ताधो मंदरादूर्ध्वं साद्धं तेनैव सप्त ताः ॥

हरिवंशपुराण ४, ११.

तात्पर्य यह है कि काल का अधिकार मध्यलोक से सात रज्जु ऊपर और नीचे तक है । इतने में वह पदार्थों में परिवर्तन करता रहता है । कुछ तांत्रिक ग्रंथों में चन्द्र और सूर्य शरीर की आंतरिक शक्तियों के लिये भी प्रयोग में आये हैं ।

२२१. प्राणान् संचरते का अर्थ ' प्राणान् संचारयति ' ऐसा लेना ठीक होगा । जो मुख और नासिका के बीच

प्राणवायु का संचार करता है और आकाश में सदा विचरण करता है उसी वायु से जीवों का सांसारिक जीवन है।

२२२. इस दोहे का अभिप्राय भव्य और अभव्य जीवों से है। ग्रंथकार अन्त में कहते हैं कि जिस प्रकार मूर्च्छित व्यक्ति थोड़े से उपचार से सचेत हो जाता है, किन्तु जो मृत हो चुका है वह हजार उपायों से भी नहीं जी सकता; उसी प्रकार जो भव्य जीव हैं वे इस थोड़े से उपदेश से सन्मार्ग पर लगकर आत्म कल्याण कर लेंगे, किन्तु जो अभव्य हैं उनको इससे कोई लाभ न होगा।

दोहों की वर्णानुक्रमणिका

अपभ्रंश भाषा के ग्रंथ

(कारंजा जैन सीरीज़ में प्रकाशित)

१ जसहरचरिउ—पुष्पदन्तकृत। भूमिका, शब्दकोश और टिप्पणी सहित डॉ. पी. एल. वैद्य, एम्. ए., डी. लिट्., द्वारा सम्पादित। मूल्य ६)

हिन्दुस्तानी पत्रिका, यू. पी.

'ऐसी पुस्तकें अपने देश में निकलती देखकर प्रत्येक भारतीय को गर्व और उत्साह होना चाहिये'।

२ सावयधम्मदोहा—देवसेनकृत। अविकल हिन्दी अनुवाद, भूमिका, शब्द-कोश, परिशिष्ट, टिप्पणी और अनुक्रमणिका सहित प्रो. हीरालाल जैन, एम्. ए., एल एल. बी., द्वारा सम्पादित। मूल्य २॥)

Dr. E. J. Rapson, Cambridge University.

'The excellent vocabulary together with the clear and concise account of the phonology and grammar of Apabhramsa in your introduction will enable students of Prakrit to master the difficulties of the language accurately and intelligently.'

३ पाहुडदोहा—रामसिंह मुनिकृत। मूल्य २॥)

४ करकण्डचरिउ—कनकामर कृत। अंग्रेजी अनुवाद, भूमिका, शब्दकोश, टिप्पणी, परिशिष्ट आदि सहित, प्रो. हीरालाल जैन, एम्. ए., एल एल. बी., द्वारा सम्पादित। भूमिका में ग्रंथ की अनेक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक बातों पर प्रकाश डाला गया है। तेरापुर की गुफाओं के एक दर्जन चित्र भी दिये गये हैं। परिशिष्ट में प्राकृत और पाली भाषा में करकण्डु की कथाएँ सानुवाद उद्धृत की गई हैं। मूल्य ६)

संस्थापक और प्रकाशक

गोपाल अम्बादास चवरे

कारंजा (बरार)